




राजधानी भोपाल में इन्वेस्ट मध्य प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का आयोजन 24 और 25 फरवरी को किया जा रहा है। इस समिट में शामिल होने के लिए देश विदेश से कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होगी। इस आयोजन को लेकर राजधानी में विशेष तैयारियां की जा रही है। वीआईपी मार्ग हो या राजाभोज सेतु समेत कई चौराहों और सड़कों पर आकर्षक सजावट की गई है। रात में यहां की सजावट खूब आकर्षित कर रही है।












# भोजपुर में महाशिवरात्रि पर्व के दौरान होने वाले भंडारे का भूमिपूजन मंत्री सारंग ने किया



**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल मंडीदीप के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर भोजपुर शिव शक्ति होटल के पास में लगने वाले मंडल के 22वें भंडारे का भूमिपूजन मंडल के संरक्षक एवं मंत्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा के हाथों पंडित सुमित शर्मा ने विधि विधान से कराया। भूमिपूजन नन्ही बालिका स्वाभी भटेजा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस विशाल भंडारे में लगभग डेढ़ लाख शिव भक्तों को प्रसादी की व्यवस्था की जायेगी। भूमिपूजन में मुख्य रूप से मंडल सचिव रिंकू भटेजा, राजकुमार शर्मा ,विपिन भार्गव, विजय श्रीवास्तव ,सचिन सेवारमानी, सुरेंद सिंह जाट, तरुण सिंह ,प्रदीप सोनी, रामजीत गुप्ता, प्रताप पाल, शोभाराम रघुवंशी, प्रीतम सिंह, सरदार सिंह, पाल सिंह, गजेंद्र ठाकुर, ब्रजेश पाठक, गोटू सोनी, योगेश श्रीवास्तव, मुकेश क़ीर, गुड्डू अग्रवाल, कपिल ग्वाला, पुनीत भटेजा, बनवारी लाल शर्मा, के एल झा,जनार्दन शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, संगीता भटेजा, योगिता श्रीवास्तव, राधा सिंह ,दीपा यादव, सुनीता गुप्ता, मीरा गौतम, आरती महावर ,चेतना महावर ,गायत्री महावार सहित अनेको मंडल सदस्य शामिल हुए।

## 19 को भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा

**भोपाल।** 11 मिल स्थित नंदी चौराहा पर महामृत्युंजय मंदिर में शिव परिवार स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होने जा रहा है । प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन भारत माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई । यह आयोजन विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश जोशी द्वारा उनके पिता स्वर्गीय सतपाल जोशी और माता स्वर्गीय कमल जोशी की स्मृति में कराया जा रहा है उनकी स्मृति में कराए जा रहे इस आयोजन के पहले दिन भारत माता चौराहा से कलश यात्रा निकाली गई जो सहारा स्टेट में भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर संपन्न हुई । इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर भक्ति गीतों पर थिरकती नजर आई । इस आयोजन में राष्ट्रीय कथावाचक आनंद कृष्ण शास्त्री द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है । 19 फरवरी को शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त एवं श्रद्धालु शामिल होंगे । और नंदी चौराहा स्थित महामृत्युंजय मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ भगवान शंकर के परिवार की स्थापना की जाएगी ।







**भोपाल।** महापौर मालती राय ने टी टी नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 20 फरवरी तक पंचकल्याणक महा महोत्सव में सम्मिलित होकर मुनि श्री 1008 प्रमाण सागर महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया तथा उनके मंगल प्रवचनों का भी लाभ लिया एवं सामाजिक बंधुओं को संबोधित किया।

## एग्जामस में बिना स्ट्रेस करे पढ़ाईः आनंद सबधाणी



**भोपाल।** विगत दिवस प्ले होटल इन आरिया में आयोजित एजुकेशनल सेमिनार में सबधाणी कोचिंग के डायरेक्टर एवं मोटिवेशनल स्पीकर आनंद सबधाणी ने मुख्य वक्ता के रूप में स्टूडेंट्स को संबोधित किया और इसी माह प्रारंभ होने वाले बोर्ड एक्सज़ाम्स में बिना स्ट्रेस और अतिरिक्त कठोर पढ़ाई के 6 से 8 परसेंट मार्क्स इनक्रीज करने के मूल मंत्र दिए। आनंद ने पहले मंत्र में बताया कि एग्जाम में स्टूडेंट्स का पेन केवल पेन नहीं है ये उनका हथियार है इसलिए पेन के ऊपर कैप कभी मत लगाएगा इससे पेन का वेट बढ़ जाता हैं और बार बार पेन चेंज भी मत कीजिए जिस कंपनी का पेन अभी इस्तेमाल कर रहे है उसी का कंपनी का पेन बोर्ड एक्सज़ाम्स तक इस्तेमाल कीजिए ताकि स्पीड और ग्रिप अच्छे से बनी रहे। दूसरा मंत्र में सबधाणी ने कहा कि आज से एग्जाम तक वर्टिकल रजिस्टर पर लिखना बंद कीजिए, केवल हॉरिजॉन्टल शीट या रजिस्टर का यूज कीजिए, क्योंकि एमपी बोर्ड या सीबीएससी बोर्ड की आंसरशीट हॉरिजॉन्टल ही होती है, चेंज फील नहीं होगा।तीसरा मंत्र पर ज़ोर देते हुए मोटिवेशनल स्पीकर ने कहा कि स्टूडेंट्स के एजुकेटर्स, ट्यूशन टीचर्स, स्कूल टीचर्स डिजिटल फॉर्मेट में नोट्स भेजते हैं और स्टूडेंट उसको खोल के अपने स्मार्ट मोबाइल फोन में पढ़ना स्टार्ट करते हैं आम तौर पर मोबाइल में पढ़ते समय ऊपर से कई तरह के मनोरंजक रील वाले नोटिफिकेशन आते रहते है स्टूडेंट उस नोटिफिकेशन के कारण संबंधित ऐप पर चले जाते हैं, फ़िर वहां रीले देखने में बिज़ी हो जाते हैं और जो उनका मेन क्वालिटी टाइम वेस्ट हो जाता है। इसलिए जितने भी ऑनलाइन डॉक्यूमेंट आते है, उसकी फिजिकल कॉपी प्रिंट आउट निकलवाए और उसके थ्रू ही क्वेश्चन करें। चौथा और अंतिम मंत्र बताते हुए डायरेक्टर ने कहा कि आम तौर देखा गया है कि स्टूडेंट बेड पर लेटकर या कम्बल-रजाई में बैठ कर आराम से पढ़ाई करते है, इन सब चीजों को त्यागना पड़ेगा।

## राज्य सरकार से हो बीएचईएल उद्योग नगरी की सड़कों का पुनरुद्धार, सौंपा ज्ञापन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एआईबीईयू यूनियन के महासचिव एवं निफ्टू के प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण गिरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गोविंदपुरा विधानसभा की विधायक एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार मध्यप्रदेश कृष्णा गौर जी से मिला। प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन संबद्ध निफ्टू की ओर से निफ्टू मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी आशीष सोनी, प्लांट कमेटी एवं केंद्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य व निफ्टू के राष्ट्रीय सचिव विशाल वाणी, एवं नगर सलाहकार समिति के सदस्य योगेश देवस्कर सम्मिलित हुये। ज्ञापन में कहा गया कि है कि आपकी यूनियन टाऊनशिप की मुख्य सड़कों के निर्माण हेतु समय समय पर राज्य सरकार की मंत्री कृष्णा गौर को ज्ञापन के माध्यम से सूचित करती रहती है एवं आज भी आपकी यूनियन द्वारा पुनः आग्रह किया गया है कि विधानसभा गोविंदपुरा मे स्थित बीएचईएल एक अभियांत्रिकी उपक्रम है जिसकी उद्योगनगरी आपके विधानसभा की शान है। आपके प्रयास से पूर्व मे उद्योगनगरी एवं इसके आसपास की सेटेलाइट कॉलोनियों की मुख्य सड़कों का निर्माण कराया गया था परंतु रखरखाव के अभाव मे ये सड़के पुनः जर्जर होती जा रही है। बीएचईएल उद्योगनगरी एवं उसके आसपास के सेटेलाइट कोलोनियों को जोड़ने वाली मुख्य सड़कों का पुनरुद्धार एवं आवश्यक निर्माण करवाने की मांग की।

# स्थानीय निकाय अपने अधिकारों और शक्तियों से करें जन-कल्याण के कार्य: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री, ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ़ मेयर्स की बैठक में वर्चुअली हुए शामिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में स्थानीय निकायों को अधिकार संपन्न बनाया गया है। नगरीय निकाय और अन्य स्थानीय निकाय अपने अधिकारों और शक्तियों का उपयोग करते हुए जन-कल्याण के कार्य बेहतर रूप से कर रहे है। हाल ही मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान की सफलता इस बात का बेहतर उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नगरीय निकाय राज्य सरकार की भावना को और अधिक मजबूती प्रदान करें। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने यह सब मिलकर प्रयास करें, आय के स्त्रोत बढ़ाएं। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगे तो विकास को और नई गति दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय विकास प्राधिकरणों की तर्ज पर आवासीय योजनाएं भी बनाकर क्रियान्वित कर सकती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ग्वालियर से इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स मध्यप्रदेश इकाई की बैठक को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। ग्वालियर मे उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगर निगमों ने विकास कार्यों के क्षेत्र में देश में अपनी विशिष्ट पहचान कायम की है। प्रदेश के शहरी क्षेत्र में तेज गति से समग्र विकास के कार्य किये जा रहे हैं। इंदौर नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इंदौर विगत 7 वर्षों से स्वच्छता के क्षेत्र में देश में लगातार अव्वल है। इस बार भी इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में अव्वल रहने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंदौर ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। नगरीय आवास एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि संविधान के 73 एवं 74वें संशोधन के बाद सबसे ज्यादा अधिकार मध्यप्रदेश के स्थानीय निकायों को दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि स्थानीय शासन व्यवस्था और अधिक विकेंद्रीकृत हो। उनको ज्यादा से ज्यादा अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय आत्मनिर्भर बनने के प्रयास करें।

करारोपण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं, आय के नए साधन भी खोजें।

इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित किये जा रहे हैं। इंदौर तेज गति से विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं सांसद श्री वी. डी. शर्मा भी वर्चुअली शामिल हुए।

नगरीय आवास एवं विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ़ मेयर्स की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती माधुरी पटेल, इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी और राज्यसभा सदस्य सुश्री कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता, स्थानीय विधायक श्री रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक श्री जीतू जिराती, श्री सुमित मिश्रा तथा श्री श्रवण चावड़ा सहित जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## उद्धवदास मेहता की पुण्यतिथि पर 20 फरवरी को कार्यक्रम, मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे शामिल



**भोपाल।** सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र सेनानी एवं प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सक और समाज सेवी पंडित उद्धवदास मेहता की पुण्यतिथि पर 20 फरवरी को उन आई.टी.सी. पार्क कमला पार्क के सामने स्थित उनकी प्रतिमा पर प्रात: 10 बजे पुष्पांजलि का कार्यक्रम एवं नगर निगम द्वारा पं. उद्धवदास मेहता समाज सेवी पुरस्कार कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर सौरभ मेहता ने बताया कि यह पुरस्कार समाज सेवी एवं साहित्यकार, पत्रकार कैलाशचंद पंत को प्रदान किया जाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मोहन यादव, विशेष अतिथि सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी तथा महापौर मालती राय एवं नगर निगम अध्यक्ष किशन सूयवंशी होंगे।

## बहन की शादी का कार्ड बांटकर लौट रहा था भाई, दो कार की भीषण टक्कर में जिंदा जला

**सिवनी मालवा ।** प्रदेश के नर्मदापुरम में एक बड़ा हादसा हुआ है. यहां सोमवार की रात को दो कार आपस में टकरा गई. इस भीषण टक्कर में एक कार में आग लग गई और उसमें सवार युवक जिंदा जल गया. जबकि दो युवकों ने कूदकर अपनी जान बचाई है.बताया जा रहा है कि जिस युवक की मौत हुई है वह अपनी बहन की शादी का कार्ड बांटकर वापस लौट रहा था.

सिवनी मालवा के थाना प्रभारी अनूप उइके ने बताया कि 24 फरवरी को अवतार की बहन की शादी थी. कार्ड बांटने के लिए भोपाल गए थे. वहीं से लौटने के दौरान हादसा हो गया. कार सूरज चला रहा था.

### ऐसे हुआ दर्दनाक हादसा

जानकारी के मुताबिक सिवनी- मालवा के रहने वाले युवक अवतार के बहन की शादी 24 फरवरी को है. बहन की शादी का कार्ड बांटने के लिए अवतार,वंश राठौर और सूरज धनगर भोपाल गए हुए थे.यहां से ये लोग वापस सिवनी- मालवा लौट रहे थे. सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे कोटलाखेड़ी गांव के पास कार सामने से आ रही टवेरा से टकरा गई. फिर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई. इसके बाद उसमें आग लग . कार में सवार तीन युवकों में से वंश राठौर और सूरज धनगर किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन अवतार सिंह राजपूत कार में ही फंसा रह गया. इसी दौरान कार में अचानक आग लग गई, जिससे अवतार की मौके पर ही मौत हो गई. जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अनूप कुमार उइके बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. आग बुझाने के बाद अवतार के शव को बाहर निकाला और सिवनी मालवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा. घायल वंश राठौर और सूरज धनगर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## दिल्ली हादसे से सबक नहीं, भोपाल स्टेशन पर बढ़ी भीड़: यूपी जाने वाली ट्रेनों में एसी-स्लीपर कोच की हालत भी जनरल जैसी; सुरक्षा की कमी

**भोपाल** सोमवार दोपहर 3^01 बजे का समय था। महाराष्ट्र से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जाने वाली कुशीनगर एक्सप्रेस भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने ही वाली थी। जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंची, पहले से भरी हुई इस ट्रेन में भोपाल स्टेशन से हजारों यात्रियों ने चढ़ने की कोशिश की। जिसमें से केवल 20 प्रतिशत लोग ही ट्रेन में चढ़ सके, बाकी के यात्री ट्रेन में सवार नहीं हो सके। इस दौरान कुछ लोग चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करते दिखे। जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं।बता दें कि, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात करीब 9^26 बजे भगदड़ से 18 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 14 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। इनमें 4 बच्चे हैं। 25 से ज्यादा लोग घायल हैं। हालांकि प्रशासन ने 15 घायलों की सूची जारी की है। इसी बीच भोपाल रेल मंडन ने भी जवानों की चौकसी बढ़ाने की बात कही थी। मगर ग्राउंड जीरो पर हजारों लोगों के बीच में सिर्फ एक ही जवान दिखाई दिया। जो पूरी तरह से नियंत्रण करने में बेबस नजर आया।

## 1987 बैच के रिटायर्ड आईएएस सुब्रमण्यम सीईओ नीति आयोग के कार्यकाल में 1 साल की वृद्धि



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 1987 बैच के रिटायर्ड आईएएस सुब्रमण्यम सीईओ नीति आयोग के कार्यकाल में 1 साल की वृद्धि की है ।सरकार ने नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ के रूप में बीवीआर सुब्रह्मण्यम का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 24.02.2025 से आगे या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उनके कार्यकाल को बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। सुब्रह्मण्यम फरवरी 2023 से नीति आयोग के सीईओ के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें परमेश्वरन अय्यर सेवानिवृत्त आईएएस के जाने के बाद इस पद पर नियुक्त किया गया, जिन्होंने वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक मुख्यालय में कार्यकारी निदेशक के रूप में पदभार संभाला था।

# एमपी में 2 स्थानों पर गुजरात के यात्रियों की बस पलटी, प्रयागराज से लौट रहे थे

### इंदौर और मंदसौर में हादसे

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर के सिमरोल घाट पर मंगलवार तड़के एक टूरिस्ट बस बेकाबू होकर पलट गई, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। घायलों को पहले महू के मध्य भारत अस्पताल ले जाया गया, फिर एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार सभी की हालत स्थिर है।

एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि हादसा सुबह करीब 4-40 बजे हुआ। तीन बसों का काफिला एक साथ चल रहा था, तभी ड्राइवर मोड़ का सही अंदाजा नहीं लगा सका, जिससे बस पलट गई।बस में गुजरात के गांधीनगर के यात्री सवार थे, जो कुंभ स्नान के बाद उज्जैन होते हुए ओंकारेश्वर जा रहे थे। बाकी यात्रियों को दूसरी गाड़ी से रवाना किया गया।

### बस पलटी, 30 घायल हुए

इसी तरह, मंगलवार सुबह मंदसौर जिले के ग्राम कुरावन व हरिपुरा के बीच प्रयागराज से गुजरात के वड़ोदरा लौट रहे यात्रियों की बस पलट गई। हादसे में 30 लोग घायल हुए है। सभी का शामगढ़ व आसपास के अस्पतालों में उपचार चल रहा है।जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे वड़ोदरा (गुज.) के यात्रियों की बस पलट गई। दुर्घटना मंदसौर जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हरिपुरा व कुरावन के बीच हुई है।दुर्घटना का कारण अभी पता नहीं चला है। आशंका जताई जा रही है कि सुबह सुबह चालक को झपकी लगने से दुर्घटना हुई है या तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर या रेलिंग से टकराकर पलट गई। हादसे में 30 लोग घायल हुए है।शामगढ़ पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर टोल कंपनी व अस्पताल की एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजा। घायलों का उपचार गरोठ, शामगढ़ व अन्य अस्पताल में चल रहा है।

# ग्वालियर-चंबल में हल्की बारिश का अलर्ट: एमपी में फिर बदला मौसम; भोपाल-इंदौर में तेज धूप, मुरैना-भिंड में बूंदाबांदी हुई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मौसम फिर से बदल गया है। भोपाल, इंदौर-उज्जैन में सुबह से ही तेज धूप खिली है, जबकि ग्वालियर-चंबल संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो रही है। सुबह भिंड और मुरैना में बौंछारें गिरीं। वहीं, दोपहर में ग्वालियर, दतिया, श्योपुर और निवाड़ी जिलों में हल्की बारिश होने का अलर्ट है।

मुरैना में बादलों के बीच सुबह 11.30 बजे हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। इससे मौसम में ठंडक घुल गई। भिंड में भी बादल छाए रहे। इधर, भोपाल में सुबह से ही तेज धूप खिली हुई है। इस कारण लोग धूप से बचने के जतन कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, मध्यप्रदेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव है। इसका हल्का असर ग्वालियर-चंबल में दिखाई दे रहा है। इससे पहले सोमवार को नर्मदापुरम, खंडवा, मंडला और सिवनी सबसे गर्म रहे। वहीं, भोपाल-उज्जैन में भी तापमान 31 डिग्री से अधिक रहा ठंड का असर खत्म होते ही भोपाल समेत प्रदेश के कई शहरों में स्कूलों की टाइमिंग बदल गई है। अब स्कूल सुबह 9 बजे की बजाय 7.30 बजे से लग रहे हैं। वहीं, दिन में जल्दी छुट्टी हो रही है।

### एमपी कई शहरों में 2 से 3 डिग्री बढ़ा पारा

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को प्रदेश के सभी शहरों में पारे में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 31.8 डिग्री, इंदौर में 30.8 डिग्री, ग्वालियर में 29.6 डिग्री, उज्जैन में 31.5 डिग्री और जबलपुर में 30.4 डिग्री रहा। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 33.6 डिग्री दर्ज किया गया। मंडला में 33.5 डिग्री, खंडवा में 33.1 डिग्री और सिवनी में 33 डिग्री रहा। इसी तरह दमोह में 32 डिग्री, रतलाम में 32.2 डिग्री, दमोह में 32.0 डिग्री, सागर-उमरिया में 32.1 डिग्री दर्ज किया गया। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। ज्यादातर शहरों में तापमान 12 डिग्री से अधिक ही है।

### 22 फरवरी तक ऐसा ही मौसम

मौसम वैज्ञानिक रैकवार ने बताया, अगले 4 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। 19 फरवरी से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस जरूर एक्टिव हो रहा है। जिसके असर से 22-23 फरवरी से पारे में दो से तीन डिग्री की गिरावट हो सकती है।.

### फरवरी के आखिरी तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस

वैज्ञानिक रैकवार ने बताया कि, फरवरी में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होते हैं। अबकी बार भी ऐसा ही है। इस वजह से पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। फिलहाल बारिश होने के आसार नहीं है।

# जर्मनी से कल्चरल और एजुकेशनल टूर पर आएंगे पर्यटक: प्रमुख सचिव



**भोपाल।** जर्मन ट्रैवल एसोसिएशन का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल मध्यप्रदेश के पर्यटन बाजार में विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए प्रमुख सचिव संस्कृति और पर्यटन एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शेव शेखर शुक्ला से एमपी टूरिज्म बोर्ड में भेंट कीद्य प्रतिनिधिमंडल पांच दिवसीय फेमिलियराइजेशन टूर के तहत राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों और अनुभवों का अनुभव करने आया है। प्रमुख सचिव शुक्ला ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल का यह टूर जर्मनी ट्रैवल एसोसिएशन के साथ प्रदेश के ट्रैवल और टूर ऑपरेटर्स के समन्वय को बढ़ाएगा। जर्मनी से आने वाले पर्यटकों की रुचि अनुरूप प्रदेश के ट्रैवल और टूर ऑपरेटर ट्रैवल प्लान बनायेगे। प्रतिनिधिमंडल के सहयोग से जर्मनी से कल्चरल और शैक्षणिक टूर के माध्यम से पर्यटकों को मध्यप्रदेश आमंत्रित किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जर्मन ट्रैवल एसोसिएशन के अध्यक्ष नॉर्बर्ट फिबिग और राजनीतिक मामलों एवं आउटबाउंड ट्रैवल प्रमुख वोल्कर एडम्स कर रहे है। अन्य सदस्यों में अर्न्स्ट कोल्सपेरगर स्टूडियोसस रेज़ेन, फेलिक्स विल्के लर्नईडे एर्लेबनिसरेज़ेन और सुसोंगुल गोक्टास-रोसाती (बेंटूर रेज़ेन) है। प्रतिनिधिमंडल को विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका, साँची, खजुराहो, ट्राइबल म्यूजियम, ओरछा, तथा पन्ना राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कराया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल को मध्यप्रदेश के गंतव्य स्थलों, सतत पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत, साहसिक और आध्यात्मिक पर्यटन पर प्रेजेंटेशन दिया गया। बैठक में प्रमुख होटल व्यवसायियों और स्थानीय टूर ऑपरेटरों सहित प्रबंध संचालक पर्यटन निगम डॉ. इलैयाराजा टी, अतिरिक्त प्रबंध संचालक सुबिदिशा मुखर्जी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## भारत टेक्स-2025 में बाघ प्रिंट और गोंड चित्रकला का सजीव प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

**भोपाल।** दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 17 फरवरी, 2025 तक चल रहे भारत टेक्स-2025 में प्रदेश के बाग प्रिंट और गोंड चित्रकला का सजीव प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। धार जिले के मोहम्मद बिलाल खत्री ने बाघ प्रिंट और डिंडोरी जिले के आत्माराम श्याम ने गोंड चित्रकला की बारीकियां आगंतुकों को सिखाई। खत्री का स्टाल निफ्ट एवं अन्य फैशन व टेक्सटाइल डिजाइनिंग संस्थाओं के विद्यार्थियों के बीच काफी लोकप्रिय रहा। अमेरिका, यूरोप, मध्य तथा दक्षिण एशिया के खरीददारों एवं फैशन डिजाइनर्स ने श्री खत्री के निर्देशन में अपने हाथों से बाग ठप्पा छपाई भी की। श्री खत्री ने इन्वेस्ट एमपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के ब्रोशर के पीछे बाघ प्रिंट का ठप्पा लगा कर आगंतुकों को स्मृतिचिह्न के रूप में भेंट किया। स्टेट पवेलियन में वर्धमान, प्रतिभा और ट्राइडेंट जैसे वस्त्र और परिधान निर्माताओं की सफलता की कहानियां, प्रदेश की व्यवसाय हितैषी नीतियां और वस्त्र उद्योग से जुड़े ओडीओपी उत्पादो- चंदेरी, माहेश्वरी, बाघ, बटिक और जरी -जरदोजी का प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत टेक्स 2025 दुनिया के सबसे बड़े टेक्सटाइल एक्सपो में से एक है। इस वर्ष इस आयोजन में 5000 से अधिक प्रदर्शकों और 120 से अधिक देशों ने भागीदारी की है।

**उप मुख्यमंत्री शुक्ल बिग इंपैक्ट्स अवॉर्ड्स कार्यक्रम में हुए शामिल**

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को किया सम्मानित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है। आज भारत विश्व की 5 वीं अर्थव्यवस्था है। शीघ्र ही हम विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनेंगें। आज हर क्षेत्र में विकास की अनंत सम्भावनाएँ हैं। इन संभावनाओं का लाभ उठाने के लिये सभी को आगे आना होगा। भारत को विश्वगुरु बनाने में हर नागरिक को योगदान देना होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल होटल मैरियट भोपाल में [illegible] (92.7) के बिग इम्पैक्ट अवॉर्ड्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति पूरे समाज के लिए प्रेरणा हैं। ऐसे नागरिकों का सम्मान किया जाना समाज में उत्कृष्ट कार्य करने की भावना को प्रोत्साहित करता है।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अभिनेत्री सुश्री मिनीषा लांबा उपस्थित रहीं।

## सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में मध्यप्रदेश दिवस का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

फरीदाबाद में 7 से 23 फरवरी तक चल रहे सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में सोमवार को मध्यप्रदेश दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष प्रदेश थीम स्टेट के रूप में भागीदारी कर रहा है। सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश की कला और संस्कृति का चित्रण करते नाट्य 'बैजू बावरा' और नृत्य-नाटिका 'वीरांगना रानी दुर्गावती' की मनमोहक प्रस्तुतियां हुई। हिंदी नाटक 'बैजू बावरा' में चंदेरी के कलाकारों द्वारा बैजू बावरा के संगीत क्षेत्र में अद्वितीय योगदान को दर्शाया गया। नाटक में बैजू बावरा के जीवन से जुड़ी घटनाओं को नृत्य, गायन और संवादों के माध्यम से भारतीय संगीत के गौरवशाली इतिहास को दर्शकों के सामने लाया गया। इसका लेखन और निर्देशन श्री नदीम खान, संगीत रचना श्री पार्थो घोष और परिकल्पना एवं संयोजन डॉ. आलोक चौबे ने किया है। भोपाल के श्री रामचंद्र सिंह के निर्देशन में नृत्य-नाटिका 'वीरांगना रानी दुर्गावती' का मंचन हुआ। नृत्य-नाटिका के माध्यम से वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन, पराक्रम और बलिदान की गाथा को जीवंत कर दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा मेले में मध्यप्रदेश की विशेषताओं को दर्शाते हुए विशेष मंडप भी लगाया गया है, जिसमें पर्यटकों को प्रदेश के प्रमुख ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों की जानकारी दी जा रही है। मंडप को विशेष रूप से पारंपरिक स्थापत्य शैली में डिजाइन किया गया है। यहां डिजिटल डिस्प्ले और ऑडियो-विजुअल प्रेजेंटेशन के माध्यम से पर्यटकों को एक समृद्ध अनुभव प्रदान किया जा रहा है।

# सीएम ने प्रमोटी आईएएस चंद्रशेखर वालिम्बे को दी बड़ी जिम्मेदारी, सीधी भर्ती के दो सेक्रेटरी पिछड़े

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्यप्रदेश के मुखिया डॉ.मोहन यादव ने राजधानी भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले सीएमओ के अफसरों के बीच काम का बंटवारा कर दिया है। यह दूसरा मौका है, जब सीएम ने 15 महीनों के भीतर एक बार फिर अपनी टीम में फेरबदल किया है। इसमें सबसे खास नाम चंद्रशेखर वालिम्बे का है। वे प्रमोटी आईएएस अधिकारी हैं। सीएमओ में उनके पास एडिशनल सेक्रेटरी का पद है। अब उन्हें जीएडी, जीएडी कार्मिक, गृह, जनसंपर्क, पीडब्ल्यूडी, पीएचई, स्कूल शिक्षा, लॉ, जनजातीय कार्य, माइनिंग, वन, शहरी विकास, स्वास्थ्य विभाग, ट्रांसपोर्ट, जलसंशाधन, वाणिज्यिक कर, खाद्य एवं बाल विकास विभाग के बड़े काम सौंपे गए हैं। इसी के साथ जलबपुर और रीवा संभाग के समन्वय का काम दिया गया है। इस कवायद से सीएम डॉ.मोहन यादव ने वालिम्बे का कद बड़ा कर सीधा मैसेज दिया है कि जो अफसर ईमानदारी और मेहनत से काम करेगा, उसका कद भी बढ़ा रहेगा। वालिम्बे की नियुक्ति में कई बड़े अधिकारी पिछड़ गए। डायरेक्टर भर्ती के आईएएस सिबि चक्रवर्ती एम. और टी.इलैया राजा पिछड़ गए। प्रदेश के प्रशासनिक इतिहास में संभवत: ऐसा पहली बार है, जब वालिम्बे के रूप में पहली बार सीधे माने जाने वाले अफसर को बड़े काम दिए गए हैं।

### अब तक नहीं मिली फील्ड पोस्टिंग

वहीं, बड़ी बात यह भी है कि वालिम्बे प्रमोट होकर आईएएस तो बन गए, लेकिन उन्हें फील्ड पोस्टिंग अब तक नहीं मिली है। यानी वे कलेक्टर नहीं बन पाए। इसकी बड़ी वजह उनका सीधा होना ही रहा। वे अपनी पोस्टिंग के लिए लॉबिंग नहीं कर पाए। इसके इतर उनके सभी बैच मेट कलेक्टर बन चुके हैं। यहां तक कि उनकी पत्नी भावना वालिम्बे भी कलेक्टर पदस्थ रही हैं।

### सीएम ने इस तरह किया काम का बंटवारा

**डॉ.राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव (एसीएस):** कैबिनेट, सीएम के दौरे, कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस, सीएम की घोषणाएं, प्रशासनिक सुधार और नवाचार, राज्य के बड़े प्रोजेक्ट्स की मॉनीटरिंग, सिंहस्थ 2028 की मॉनीटरिंग और इंदौर-उज्जैन संभागों से जुड़ा प्रशासनिक समन्वय का काम दिया गया है।

**सिबि चक्रवर्ती एम. सचिव:** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उद्योग विभाग, उर्जा, पर्यटन, मैपआईटी, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक, सामाजिक न्याय, पर्यावरण, विमानन, कृषि, हॉर्टिकल्चर, पशुपालन-डेयरी, मछुआ कल्याण और मत्स्य विभाग, धार्मिक न्यास, संस्कृति के साथ ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग के प्रशासनिक के समन्वय का जिम्मा।

**टी.इलैया राजा, सचिव:** वित्त विभाग, संसदीय कार्य, सहकारिता, श्रम, अनुसूचित जाति कल्याण, नर्मदा घाटी एवं विकास, आयुष, नवकरणीय उर्जा, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, एमएसएमई, लोक सेवा प्रबंधन, राजस्व, टेक्निकल और हायर एजुकेशन विभाग का जिम्मा दिया गया है। इनके पास भोपाल, नर्मदापुरम और शहडोल संभाग के समन्वय का जिम्मा भी रहेगा।

**चंद्रशेखर वालिम्बे, अपर सचिव:** जीएडी, जीएडी कार्मिक, गृह, जनसंपर्क, पीडब्ल्यूडी, पीएचई, स्कूल शिक्षा, लॉ, जनजातीय कार्य, माइनिंग, वन, शहरी विकास, स्वास्थ्य विभाग, ट्रांसपोर्ट, जलसंशाधन, वाणिज्यिक कर, खाद्य एवं बाल विकास विभाग के काम सौंपे गए हैं। साथ ही जलबपुर और रीवा संभाग के समन्वय का काम दिया गया है।

**अरुण परमार, अपर सचिव:** मुख्यमंत्री के दौरे और सीएम हाउस में होम, जेल और युवा कल्याण विभाग को छोड़कर अन्य विभागों की ई-फाइलों पर अनुमोदन करेंगे। सीएम के दौरों और मुलाकात के कार्यक्रम तय करने की जिम्मेदारी दी गई है।

**लक्ष्मण मरकाम, अपर सचिव:** तकनीकी शिक्षा, रोजगार सृजन, पर्यटन, मैपआईटी, ग्रामीण विकास, जनजातीय कल्याण, उद्योग जैसे विषयों पर रणनीति को लेकर सुझाव देंगे।

**अरविंद दुबे, अपर सचिव:** एसीएस डॉ.राजेश राजौर को रिपोर्ट करते हुए उनके काम भी देखेंगे। साथ ही विधानसभा के काम और मुख्यमंत्री की बैठकों के लिए चर्चा के बिंदु तैयार करेंगे।

**महेश चौधरी, ओएसडी:** सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय करेंगे। सीएम की घोषणाओं की समीक्षा कर रिपोर्ट बनाएंगे। विजन डॉक्यूमेंट की जिम्मेदारी रहेगी।

**राकेश गुप्ता आईपीएस और ओएसडी:** सुरक्षा से जुड़े कामों का समन्वय करेंगे। इनके पास गृह, जेल और खेल विभाग का काम रहेगा।

# मोदी-ट्रम्प के रिश्तों का नया दौर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के पहले भारत ने जिन उद्देश्यों को हासिल करने की सूची तैयार की होगी, उनमें राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले नए अमेरिकी प्रशासन के साथ सार्थक भागीदारी की बात अहम रही होगी। यकीनन ट्रंप जब अमेरिका में मोदी का स्वागत कर रहे थे उसी समय उनके उपराष्ट्रपति म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाषण दे रहे थे। उनके भाषण ने ऐसी कई बातों को प्रभावी रूप से सामने रखा जिनमें नई सरकार यूरोप के अपने सहयोगियों से असहमत थी। मोदी की यात्रा ने यह संदेश देने का प्रयास किया होगा कि दिक्कत कर रहे यूरोपीय देशों के उलट भारत, ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में आकार ले रहे अमेरिका के लिए कहीं अधिक बेहतर साझेदार है। भारतीय अधिकारी जिस सकारात्मक माहौल की उम्मीद कर रहे थे वह यात्रा के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में काफी हद तक नजर आया। वक्तव्य में व्यापारिक मुद्दों को लेकर अधिक सहयोगात्मक रुख नजर आया जो नए राष्ट्रपति के वक्तव्यों से अलग है। इसमें व्यापार समझौते पर भी योजना पेश की गई। इस दिशा में पहली बार 2020 में चर्चा हुई थी। बीते चार सालों में द्विपक्षीय रिश्तों में कारोबारी चिंताओं को जिस तरह कम तरजीह दी गई, इसे एक अहम कदम के रूप में देखा जा सकता है।

इसके बावजूद हमें यह समझना होगा कि एक नेता के रूप में रार्ष्टपति ट्रंप के बारे में कुछ भी सुनिश्चित तरीके से नहीं कहा जा सकता है। तथ्य यह है कि यात्रा के दौरान ही ट्रंप ने भारत को व्यापारिक मामलों में दुनिया का सबसे अधिक उल्लंघन करने वाला देश बताया और वादा किया कि अमेरिका का टैरिफ ढांचा 'प्रत्युत्तर' वाला होगा। यह स्पष्ट नहीं है कि इस बात से ट्रंप का तात्पर्य क्या था। खास तौर पर यह देखते हुए कि उनके कुछ वक्तव्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि मूल्य वर्धित करों के लिए समान हालात पैदा करने के उद्देश्य से लगाए गए शुल्क पर भी 'पारस्परिक' टैरिफ लगाया जाएगा। ऐसे में अधिकारियों के लिए उस स्थिति में समझौते पर पहुंचना मुश्किल होगा क्योंकि जिस राजनीतिक नेतृत्व को वे प्रसन्न करना चाह रहे हैं, व्यापारिक निष्पक्षता पर उसका नजरिया एकदम अलग है।

अन्य संयुक्त वक्तव्यों का परीक्षण भी इसी आधार पर किया जाना चाहिए। यद्यपि स्पष्ट रूप से सहयोग के लिए नए रास्ते बनाने और महत्वपूर्ण खनिजों से लेकर रक्षा तक पुराने क्षेत्रों का विस्तार करने के प्रयास किए गए हैं लेकिन तथ्य यह है कि अमेरिका को अब एक अविश्वसनीय साझेदार के रूप में देखा जाना चाहिए। यह बात किसी भी व्यक्तिगत कदम के महत्व को कम करती है और कुछ मामलों में तो सवाल यह भी है कि भारत कितनी जल्दी अमेरिकी पेशकश का लाभ ले पाने में कामयाब हो सकेगा। उदाहरण के लिए बजट में यह वादा किया गया है देश में परमाणु देनदारी व्यवस्था को बदला जाएगा ताकि इस क्षेत्र में निवेश आ सके। ऐसे संशोधनों की समयसीमा और गुणवत्ता के बारे में कभी कुछ ठीक से पता नहीं होता।

अमेरिका की पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों संबंधी नीति की समीक्षा करने और उनका भारत को निर्यात करने की सुर्खियां बटोरने वाली बात ऐसी ही है। अगर ऐसा बदलाव हो भी जाता है, तो यह तय कर पाना आसान नहीं होगा कि भारत कितनी जल्दी नए हथियार प्लेटफॉर्म के लिए बजट से अरबों की राशि की व्यवस्था कर सकेगा। ट्रंप के नए प्रशासन के साथ सहयोग की सबसे तेज और प्रभावी बात ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में होगी जिसके बारे में दोनों नेताओं ने हाइड्रोकार्बन के उत्पादन पर सहमति जताई। यह एक अहम कदम था। भारत को आसान उपायों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे अमेरिका के नए प्रशासन को सहज रियायतें दिलाई जा सकें। इससे दोनों देशों के बीच विश्वास मजबूत होगा।

# मोदी की अमेरिकी यात्रा का ''लेखा-जोखा'' (खाता बही)

**राजीव खंडेलवाल**




वर्ष 2014; प्रथम अवधि से लेकर आज तक यदि हम नरेंद्र मोदी व ट्रंप के आपसी संबंधों का अवलोकन-आकलन करें, तो निश्चित रूप से हम यह पाएंगे की व्यक्तिगत स्तर पर नरेन्द्र मोदी के ट्रंप के साथ संबंध उत्तरोत्तर प्रगाढ़ होते गए। इसका ही यह परिणाम था कि नमस्ते ट्रंप, हाउडी मोदी, ''माय फ्रेंड ट्रंप'' और ''अबकी बार ट्रंप सरकार'' जैसे नारों का उपयोग हमारे ''विश्व गुरू'' प्रधानमंत्री ने किया, जो शायद पूर्व के किसी भी हमारे प्रधानमंत्री ने किसी भी देश के प्रधानमंत्री के लिए नहीं कहा। ट्रंप ने माना कि उन्होंने पीएम मोदी को मिस किया। टैरिफ मामले को लेकर ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ की और उन्हें एक टफ नेगोशिएटर करार दिया। मोदी ने भी कहा कि यह खुशी की बात है कि मुझे ट्रंप के साथ दोबारा काम करने का अवसर मिला है। मेरे और ट्रंप के मिलने का मतलब ''एक और एक ग्यारह'' है। सवाल है यह किसके हित में है? ट्रंप द्वारा मोदी के लिए ''कुर्सी खींचना'', एक-दूसरे को गले लगाना खुशनुमा माहौल बनाने की एक प्रक्रिया है, जो भारतीय मीडिया के लिए तो शायद एक उपलब्धि हो सकती है। परन्तु तांत बजते ही राग पहचान वाले ट्रंप द्वारा शब्दों से तारीफ कर, कुछ नौटंकी कर क्या हमारे पक्ष में सिर्फ बातों अर्थात कथनी और अमेरिका के पक्ष में करनी का जमा खर्च आया है? एक कुशल कूटनीतिज्ञ *कथनी से न् बहकते हुए करनी को परखता है। क्योंकि ट्रंप को झूठा, एक बड़ा नौटंकी कार और टफ शुद्ध बिजनेसमैन माना जाता है। इन संबंधों के रहते हुए जब नरेन्द्र मोदी अमेरिका जा रहे थे, तब भारत अमेरिका के संबंधों में पिछले कुछ समय से हुई घटनाओं को लेकर जो ''असहजता'' उत्पन्न हो गई, उसके ''सहज'' होने की आशा देशवासियों की थी। आइये यह आशा कितनी फली-फूल हुई, इस पर एक नजर डालते हैं:-

## दोनों देशों के संबंध असहज करने वाली घटनाएं।

यह सर्वविदित ही है कि कुछ समय पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दोस्त गौतम अडानी के खिलाफ पिछले वर्ष रिश्वत का प्रस्ताव (ऑफर) करने के आरोप में अमेरिका कोर्ट में कार्रवाई की जाकर गिरफ्तारी वारट जारी किया गया था। तथापि मोदी के पहुंचने के पूर्व ट्रंप ने 1977 के एफसीपी के तहत जांच रोक कर अडाणी को सहायता पहुंचाई। यद्यपि कुछ लोगों का यह भी मत है कि इससे अदानी के विरुद्ध चल रही कानूनी कार्रवाई रुकेगी नहीं। बिना दस्तावेजों के अवैध अप्रवासीय भारतीय जो आव्रजन कानून का उल्लंघन करके अमेरिका में रह रहे है, जिन्हें अमेरिका ने एलियंस तक कह दिया, की संख्या लगभग 7 लाख 25 हजार है, में से 104 अवैध अप्रवासी भारतीयों को मानवाधिकारों का उल्लघंन कर अमानवीय तरीके से हथकड़ी-बेड़ी बांधकर नियमित उड़ान की बजाय अमेरिका सेना के ष्ट-17 मिलिट्री प्लेन द्वारा अपमानित तरीके से भारत लाया गया। इसका वीडियो बार्डर पेट्रोल (यू.एस.बी.पी) ने जारी किया, जिसे व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी ने भी साझा की। इसके पूर्व कभी भी भारतीय या अन्य देशों के अवैध नागरिकों को निर्वासित करने का वीडियो जारी नही किया गया। इस घटना पर भारत सरकार की चुप्पी हथकड़ी-बेड़ी बांधने से भी ज्यादा वेदनापूर्ण है। कोलंबिया ने अमेरिका के निर्वासन के इस तरीके पर लिखित आपत्ति कर विरोध दर्ज किया। विश्व के अन्य कई छोटे देश ब्राजील, वेनेजुएला, इक्काडोर, पेरू, होंडुरास ने भी इसका विरोध किया। मेक्सिको ने तो इसे देश की संप्रभुता से ही जोड़ दिया। विपरीत इसके भारत के विदेश मंत्री ने इस घटना पर लोकसभा में कहा कि यह अमेरिका के 2012 के नियमों (जिस पर जोर डालने के लिए जिस पर जोर डालने के लिए इस कथन को रिपीट किया) के तहत बनी ''एसओपी'' (मानक संचालन प्रणाली) का पालन कर लाया गया। विदेश मंत्री ने इस कथन द्वारा अमेरिका की इस पूरी असंवेदनशील व अमर्यादित कार्रवाई पर अपनी सहमति ही व्यक्त कर दी। विदेश मंत्री इस पर जोर देते समय या भूल गए कि उक्त नियमों में महिलाओं और बच्चों को छूट दी गई है, जबकि 104 भारतीयों में 25 महिलाएं व 13 बच्चे शामिल थे। क्या विदेश मंत्री इस अर्द्ध झूठे कथन के लिए देश से माफी मांगेगे। वे यह भी नहीं बतला पाए कि 2012 से अभी तक जो अवैध प्रवासी भारतीय वापस भारत लाए गए हैं, क्या वे सब इसी तरीके से लाए गए थे? क्या तत्समय उनके भी वीडियो जारी किए गए थे? प्रधानमंत्री मोदी के वापस भारत लौटते ही एक और विमान ग्लोबमास्टर अमेरिका से 119 अवैध अप्रवासीय भारतीयों को लेकर अमृतसर पहुंचा है। मोदी की यात्रा का इतना फायदा जरूर हुआ है कि अबकी बार महिलाओं व बच्चों को हथकड़ी नहीं पहनाई गई, अर्थात नियम का पालन किया गया। छोटा सा देश कोलंबिया जिसकी अमेरिका के समक्ष भारत जैसी औकात नहीं है, और न ही मोदी- ट्रंप समान दोस्ती है, ने तो अमेरिकन प्लेन को अपने देश में उतरने की अनुमति न देकर वापस जाने के लिए मजबूर किया और दो प्लेन भेज कर राजधानी में उतरने पर प्लेन में जाकर राष्ट्रपति स्वयं वापस लाएं नागरिकों से मिले। इसके बाद भारतीयों के मन में यह उम्मीद जरूर जग गई थी कि निश्चित रूप से नरेन्द्र मोदी अमेरिका पर उपदेश कुशल बहुतेरे की उक्ति को चरितार्थ करता हुआ पूरे विश्व में मानवाधिकार का ढिंढोरा पीटता है, के राष्ट्रपति ट्रंप से इन मानवाधिकारों के उल्लंघन के संबंध में चर्चा करेंगे, ताकि भविष्य में अमर्यादित इस तरीके से अवैध भारतीय नागरिक की वापसी न हो। भारत अमेरिका संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में इस बात का उल्लेख तो है कि भारत ने अवैध रूप रह रहे भारतीयों को गलत ठहराया है और उनको भारत वापस लाया जाएगा। परन्तु उनके निर्वासित (डिपोर्ट) करने के अमानवीय तरीके और उनकी गरिमा बनाए रखने पर कुछ भी नहीं कहा। भारतीय विदेश मंत्री या गृहमंत्री ने मानव तस्करी के डंकी रूट में भारत में संलग्न गैंग के विरुद्ध सिर्फ बयान के अतिरिक्त पिछले समयो में कोई प्रभावी की गई कार्रवाई के सांकेतिक दर्शन के संकेत तक नहीं दिए। इन मुद्दों पर मोदी के रुख व मौन ने कहीं उन्हें कागजी शेर कहने का मौका विरोधियों को तो नहीं दे दिया? इस पूरे मामले का सबसे दुखद पहलू यह है की अनेक कमियों के बावजूद देश की एकमात्र राष्ट्रवादी और देश की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा करने वाली भाजपा शासन में घटित हुई है।

## रेसिप्रोकल टैक्स नीति की घोषणा का तुरंत दुष्प्रभाव।

इसी प्रकार ''अमेरिकन फर्स्ट'' पॉलिसी के तहत ट्रंप ने अपने यहां के उद्यमियों, मैन्युफैक्चरर्स (निर्माता) के लिए जो नई टैक्स नीति रेसिप्रोकल (जैसा को तैसा) की घोषणा ''मोदी के 12 फरवरी को फ्रांस से अमेरिका पहुंचने के पूर्व की। इसे किसी भी रूप में ट्रंप द्वारा मोदी का ''हार्दिक स्वागत'' तो नहीं ही लेकिन कड़वी बेल की तुमड़ी उससे भी कड़वी जरूर कहा जा सकता हैं। मोदी की यात्रा समाप्ति के बाद भी ट्रंप यह घोषणा कर सकते थे। ट्रंप द्वारा मोदी को बेस्ट नेगोशिएटर का तमगा देने के बावजूद मोदी द्वारा ट्रंप की उक्त नीति के परिपेक्ष में 13 फरवरी को ही अमेरिका शराब बॉर्बन व्हिस्की पर टैरिफ 150 प्रतिशत से घटाकर 100 प्रतिशत करने के साथ कुछ अन्य वस्तुओं पर भी टैरिफ (आयात शुल्क) कम किया। इसे भारत का व्यापार युद्ध टालने का प्रयास तक बता दिया गया। इन ऐलानों के बाद ही मोदी-ट्रंप की मुलाकात हुई। विपरीत इसके अमेरिका ने अल्युमिनियम, इस्पात पर 25त्न दंडात्मक टैरिफ लगा दिया। यद्यपि अमेरिका की इस नीति का प्रभाव सिर्फ भारत पर ही नहीं, बल्कि विश्व के अन्य देशों पर भी पड़ेगा। इसी नीति के कारण भारत का अमेरिका के साथ विदेशी व्यापार संतुलन जो अभी भारत के पक्ष में है (46 प्रतिशत) पर विपरीत प्रभाव पढ़ेगा, जो ऋणात्मक की ओर बढेगा। इसका तुरंत प्रभाव यह हुआ कि भारत का शेयर बाजार जो बजट प्रस्तुत होने के दिन से ही गिरावट की ओर जा रहा है, पर इस नीति का और बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे ठगा कर ठाकुर बनने का क्या फायदा? स्पष्ट है इस पूरी द्विपक्षीय चर्चा में मोदी नही ट्रंप अमेरिकी हितों के लिए मोल-भाव करने वाले लिए टफ़ नेगोशिएटर सिद्ध होकर अमेरिकन फर्स्ट की नीति को धरातल पर उतारा।

## दौरे की उपलब्धियां।

अमेरिका और भारत ने इस्लामिक आतंकवाद% के खिलाफ मिलकर काम करने का फैसला करते हुए अमेरिका ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यर्पित करने की सहमति दी। हालांकि यह कुछ समय में होना ही था।साथ ही व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा उत्पाद, उर्जा, तेल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति होने से भारत अमेरिका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 500 बिलियन डालर तक पहुंचने की संभावनाएं हो गई है। दोनों पक्षों के बीच नई पहल स्वायत्त रक्षा प्रणाली गठबंधन (एएसआईए) के निर्माण की भी घोषणा की गई है। परमाणु ऊर्जा, परमाणु रिएक्टर निर्माणऔर प्रौद्योगिकी स्थानांतरण को लेकर भी दोनों देश के बीच एक समझौता हुआ है। अमेरिका ने पेंटागन का ही नहीं बल्कि दुनिया के अभी तक के इतिहास का सबसे महंगा उन्नत एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट्स बेचने की पेशकश की है, जो सैन्य क्षेत्र में बढ़ते सहयोग को दर्शाता है। हिंदू अखबार के अनुसार ट्रंप प्रशासन इस विमान को खरीदने के लिए दबाव (पुश) कर रहा है। तथापि इस विमान को ट्रंप के बाद नंबर दो व्यक्ति एलन मस्क सहित कुछ विशेषज्ञों ने बेहद महंगा, कबाड़ और आज के ड्रोन युग में अनुपयोगी तथा कुछ तकनीकी खामियों वाला बताया है। अभी तक भारत सरकार ने इसे खरीदने की सहमति नहीं दी है। रूस से रियायती दर से क्रय की जा रही कच्चे तेल की तुलना में अमेरिका से महंगे कच्चे तेल की खरीदी के लिए भी भारत पर दबाव बनाया है। ब्रिक्स जिसे भारत ने रूस, चीन और ब्राजील के साथ मिलकर बनाया था के वर्तमान में 10 देश है, जिसे अंतरराष्ट्रीय अमेरिका विरोधी खेमा में त्न-10 का विकल्प माना जाता है। ट्रंप ने इसे डेड कह दिया, जिस पर मोदी की चुप्पी खलने वाली है। ब्रिक्स संयुक्त राष्ट्र संघ के बाद विश्व का एक बड़ा संगठन है, जो विश्व की लगभग आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है। टफ नेगोशिएटर मोदी (जैसा कि स्वयं ट्रंप ने कहा) भारत के पक्ष में ट्रंप को कितना ला पाते हैं? यह देखना दिलचस्प होगा। सवाल यह है कि ''56 इंच'' सीने के ''एक अकेला सबको भारी'' हमारे विश्व गुरु और अमेरिका के दोस्त नरेन्द्र मोदी की यह यात्रा भारतीय मीडिया की नजर में सफल रही। परंतु वस्तुत~ अंततः भारत के लिए यह यात्रा कुल जमा-नामे में घाटे का सौदा रही, जहां अमेरिका ने अपनी शर्तें थोपी (डिक्टेट की) हैं। मोदी की मिगा (मेक इंडिया गेट अगेन) व ट्रंप की मागा कौन एक दूसरे पर भारी होते हैं, यह भी समय ही बताएगा।

## विदेश नीति पर देश में राजनीति नहीं सहमति होनी चाहिए।

सवाल यह है कि भारत की विदेश नीति कभी भी इतनी आलोचना के केन्द्र में नहीं रही, जो दुर्भाग्य वश वर्तमान में है। विदेश नीति के संबंध में पक्ष व विपक्ष में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही काफी लंबे समय तक कमोबेश एक आम सहमति और मौन स्वीकृति बनी रही है, जिसका अभाव वर्तमान में परिलक्षित होता है। विपक्ष के नेता के रूप में अटल बिहारी वाजपेई जो दल से बढ़कर देश को मानते थे, भारतीय विदेश नीति के साथ प्राय~ खड़े रहे। शायद इसी का यह सुखद परिणाम था कि कांग्रेस की पी वी नरसिम्हा राव की सरकार ने अटल जी संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा था। मौजूदा वर्तमान स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन? ''पक्ष या विपक्ष''? जिस प्रकार सदन को चलाने का काम अध्यक्ष, संसदीय कार्य मंत्री व सत्ता पक्ष का होता है, उसी प्रकार विदेश नीति पर सहमति बनाने का कार्य भी प्रथमतः प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और सत्ता पक्ष का ही होता है। विपक्ष का यह दायित्व है कि राष्ट्रहित में यदि विदेश नीति में कुछ खामियां या कमियां दिख रही हैं तो, वैकल्पिक नीति के साथ आलोचना नहीं समालोचना हो। दुर्भाग्यवश देश के अंदर राजनीतिक पार्टियों के बीच चल रही उठापटक, द्वंद, गला काट प्रतिस्पर्धा का बुरा असर धीरे-धीरे विदेश नीति पर भी पहुंच गया है। वर्तमान विपक्ष अपने समय के विपक्ष से इस संबंध में सीख क्यों नहीं लेना चाहता है? इस पर गंभीरता से सिर्फ राजनीतिक पार्टियों को ही नहीं, बल्कि जागरूक, प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी नागरिकों को भी सामने आकर अपने विचारों को व्यक्त कर राजनीतिक पार्टियों पर दबाव बनाना होगा।

(लेखक, कर सलाहकार एवं पूर्व बैतूल सुधार न्यास अध्यक्ष हैं)

# भागवत की हिन्दू एकता से ही विश्वगुरु बन सकेंगे

**ललित गर्ग**



*भारत को यदि पड़ोसी शत्रुओं के हाथ में जाने से बचाना है, इस्लामी जेहादी आतंकवादियों से देश की रक्षा करनी है, इस गृहयुद्ध से देश बचाना है, भारत को अखण्ड और एकात्म रखना है तो इसके लिए हिन्दू एकता अत्यावश्यक है। हिन्दू एकता में न केवल देश का बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति का हित समाया हुआ है। यद्यपि भारत आज आजाद है; पर हिन्दू समाज आज भी आजाद नहीं है। हिन्दू की गुलामी को दूर करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसके लिये सभी हिन्दुओं को अपनी जाति, भाषा, प्रान्त, सम्प्रदाय व राजनीतिक दलों के भेदभाव को भूलकर हिन्दू के रूप में एक छत के नीचे आना आवश्यक है तभी हम अपने देश को एक रख पायेंगे और देश की आजादी की रक्षा कर पायेंगे। मोहन भागवत ने अपनी बात को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा, भारत सिर्फ भूगोल नहीं है; भारत की एक प्रकृति है। कुछ लोग इन मूल्यों के अनुसार नहीं रह सके और उन्होंने एक अलग देश बना लिया। लेकिन जो लोग स्वाभाविक रूप से यहीं रह गए, उन्होंने भारत के इस सार को अपना लिया। और यह सार क्या है?*



हिंदू एकता ही समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति, सद्भाव और प्रगति को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए भी ज़रूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह देश का ''जिम्मेदार'' समाज है जो मानता है कि एकता में ही विविधता समाहित है। भागवत का हिन्दू एकता पर जोर देना न केवल प्रासंगिक है बल्कि यह समय की जरूरत है। क्योंकि लम्बे समय से हिन्दू समाज को तोड़ने की कोशिशों, पडोसी देशों के हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षड़यंत्रों के कारण हिन्दू समाज को संगठित करना जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से राष्ट्र-पुरोधा मोहन भागवत का आह्वान एक शक्ति देता है जिसकी रोशनी एक समूची परंपरा एवं संस्कृति को उद्भासित होने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास में कुछ ऐसे विरल सरसंघचालक हुए हैं, संघ के सरसंचालकों की समृद्ध एवं शालीन परंपरा में वर्तमान का बहुचर्चित नाम है मोहन भागवत। उनकी विरलता या महत्ता के प्रमुख मानक हैं- सशक्त राष्ट्रीयता, हिन्दुत्व और लोकहितकारी प्रवृत्तियां। इन तीन सोपानों के आधार पर वे महत्ता के ऊंचे शिखर पर आरूढ़ हो गए। उन्होंने हिंदुत्व की नयी व्याख्याएं दी हैं और उनका ताजा उद्बोधन हिन्दू एकता की नई व्याख्या करते हुए न केवल देश को मजबूत बना रहा है बल्कि भारत को विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। हिन्दू एकता से ही विश्वशान्ति, विश्वसमृध्दि, विश्वसमन्वय और विश्वएकता संभव। हिन्दू एकता का किसी से विरोध नहीं है। यह सर्वेषां अविरोधेन् है। हिन्दू के लिए सारा विश्व एक कुटुम्ब है। हिन्दू वसुधैव कुटुम्बकम् को मानता है।

भारत को यदि पड़ोसी शत्रुओं के हाथ में जाने से बचाना है, इस्लामी जेहादी आतंकवादियों से देश की रक्षा करनी है, इस गृहयुद्ध से देश बचाना है, भारत को अखण्ड और एकात्म रखना है तो इसके लिए हिन्दू एकता अत्यावश्यक है। हिन्दू एकता में न केवल देश का बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति का हित समाया हुआ है। यद्यपि भारत आज आजाद है; पर हिन्दू समाज आज भी आजाद नहीं है। हिन्दू की गुलामी को दूर करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसके लिये सभी हिन्दुओं को अपनी जाति, भाषा, प्रान्त, सम्प्रदाय व राजनीतिक दलों के भेदभाव को भूलकर हिन्दू के रूप में एक छत के नीचे आना आवश्यक है तभी हम अपने देश को एक रख पायेंगे और देश की आजादी की रक्षा कर पायेंगे। मोहन भागवत ने अपनी बात को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा, भारत सिर्फ भूगोल नहीं है; भारत की एक प्रकृति है। कुछ लोग इन मूल्यों के अनुसार नहीं रह सके और उन्होंने एक अलग देश बना लिया। लेकिन जो लोग स्वाभाविक रूप से यहीं रह गए, उन्होंने भारत के इस सार को अपना लिया। और यह सार क्या है? यह हिंदू समाज है, जो दुनिया की विविधता को स्वीकार करके फलता-फूलता है। हम कहते हैं 'विविधता में एकता', लेकिन हिंदू समाज समझता है कि विविधता ही एकता है। भागवत ने जिस सत्य को उजागर किया है, वह हजारों साल पहले भी सत्य था और आज भी उतना ही सत्य है। बल्कि नई परिस्थितियों एवं राजनीतिक स्थितियों के साथ उसकी उपयोगिता और अधिक बढ़ी है। क्योंकि भारत से निकले सभी संप्रदायों का जो सामूहिक मूल्यबोध है, उसका नाम 'हिंदुत्व' है। इसलिए संघ हिंदू समाज को संगठित, अजेय और सामर्थ्य-संपन्न बनाना चाहता है। इस कार्य को संपूर्णता तक पहुंचाना ही संघ का उद्देश्य है। भागवत ने कहा कि भारत में कोई भी सम्राटों और महाराजाओं को याद नहीं करता, बल्कि एक ऐसे राजा को याद करता है जो अपने पिता के वचन को पूरा करने के लिए 14 साल के वनवास पर चला गया-यह स्पष्ट रूप से भगवान श्रीराम का संदर्भ था, और वह व्यक्ति जिसने अपने भाई की पादुकाएं सिंहासन पर रखीं, और जिसने वापस आने पर राज्य सौंप दिया, यह था भरत का समर्पण। हिन्दू धर्म के भगवद गीता, रामायण, महाभारत, और वेद जैसे शास्त्रों एवं ग्रंथों से ऐसे ही नैतिक मूल्यों, मानवता और जीवन के उच्चतम आदर्शों का संदेश मिलता है, इसलिये हिन्दू समाज की एकता जरूरी है। हिन्दू एकता भारत की आत्मा को जाग्रत करेगी। भारत का स्वाभिमान, आध्यात्मिकता और ऋषियों का ज्ञान वापस आयेगा। परिणामस्वरूप देश से भ्रष्टाचार, हिंसा और अनैतिकता दूर होने के रास्ते खुलेंगे। भारत पुनः जगद्गुरु के रूप में विश्व का मार्गदर्शक बनेगा। हमारे शत्रु भी हमसे मित्रता करने के लिए हाथ बढ़ायेंगे। इन सब स्थितियों को देखते हुए हिन्दू एकता एवं उसको संगठित करना जरूरी है, इसके लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयास एक रोशनी है, एक ताकत है।

संघ और हिंदुत्व को लेकर अक्सर उद्देश्यहीन, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचनाएं होती रही हैं लेकिन इस तरह की नीति के द्वारा किसी का हित सधता हो, तो ऐसा प्रतीत नहीं होता तथा न ही उससे संघ पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। संघ की ऐसी आलोचना करने वाले समय, शक्ति और अर्थ का अपव्यय करते हैं तथा अपनी बुद्धि के दिवालियापन को उजागर करते हैं। संघ न केवल देश बल्कि दुनिया का बहुचर्चित एवं सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है। जो बहुचर्चित होता है उसका विरोध भी होता है। निरूद्देश्य एवं स्तरहीन विरोध, विरोधी विचारधाराओं एवं संगठनों की स्वार्थपूर्ण मनोवृत्ति, ईर्ष्या एवं विध्वंस की नीति का स्वयंभू प्रमाण बन जाता है। संघ एवं मोहन भागवत की आलोचना करने वाले तथा उनके व्यक्तित्व पर कीचड़ उछालने वाले लोग एवं संगठन स्वयं को कमजोर अनुभव करते हुए भी समाज एवं राष्ट्र में प्रतिष्ठित होना चाहते हैं, वे ही ऐसी आलोचना करते हैं। उनकी आलोचनाएं एक जीवंत परंपरा को झुठलाने के असफल प्रयास ही रहे हैं।

हिन्दू एकता के अभाव में ही देश में जेहादी आतंकवाद, तीन करोड़ विदेशी बांग्लादेशियों की घुसपैठ, हिन्दुओं का धर्मान्तरण, गौहत्या, मठ-मंदिरों की सरकारी अधिग्रहण के माध्यम से लूट, हिन्दू संतों और देवताओं का अपमान, नारियों पर अत्याचार-बलात्कार, हिन्दुओं के साथ अंधाधुंध भेदभाव, अन्याय, अत्यन्त सहनशील हिन्दू समाज और महान् हिन्दू धर्म को नष्ट करने के षडयन्त्र बहुत तेजी से बढ़े। हिन्दू एकता से ये बुराइयां स्वयं नष्ट होने लगेंगी। इससे सबसे अधिक लाभ समाज की दौड़ में पिछड़े रह गए बन्धुओं को, गरीबों को और देश के बेरोजगार नवयुवकों को मिलेगा। हिन्दू विरोधी अपने को धर्मनिरपेक्ष घोषित करने वाले राजनेताओं ने भ्रष्टाचार के माध्यम से गरीब जनता के परिश्रम का लाखों करोड़ रुपया हड़पा है। अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस जैसी ताकते भारत विरोधी विमर्श गढ़ने के लिये अकूत पैसा झोंक रहे हैं, वही हमारे देश के कुछ राजनीतिक दल उसके हाथों खेल रहे हैं। सिकंदर से लेकर सोरोस तक हुए ऐतिहासिक आक्रमणों एवं साजिशों पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि कुछ मुट्ठीभर बर्बर लोगों ने, जो गुणों में श्रेष्ठ नहीं थे, भारत पर शासन किया, तथा समाज में विश्वासघात का चक्र जारी रहा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत का निर्माण अंग्रेजों ने नहीं किया था तथा भारत के विखंडित होने की धारणा अंग्रेजों ने लोगों के मन में डाली थी। लेकिन अब न केवल भारत बल्कि भारत का बहुसंख्य हिन्दू समाज इन साजिशों को नाकाम करने में सक्षम है।

भारत एक 'हिंदू राष्ट्र' है और हिंदुत्व देश की पहचान का सार है। संघ स्पष्ट रूप से देश की पहचान को हिंदू मानता है क्योंकि राष्ट्र की सभी सामाजिक-सांस्कृतिक प्रथाएं इसी के सिद्धांतों से चलती हैं। भागवत के अनुसार 'हिन्दुत्व' ऐसा शब्द है, जिसके अर्थ को धर्म से जोड़कर संकुचित किया है। संघ की भाषा में उस संकुचित अर्थ में उसका प्रयोग नहीं होता। यह शब्द अपने देश की पहचान, अध्यात्म आधारित उसकी परंपरा के सनातन सत्य तथा समस्त मूल्य सम्पदा के साथ अभिव्यक्ति देने वाला शब्द है। संघ मानता है कि 'हिंदुत्व' शब्द भारतवर्ष को अपना मानने वाले, उसकी संस्कृति के वैश्विक व सार्वकालिक मूल्यों को आचरण में उतारना चाहने वाले तथा यशस्वी रूप में ऐसा करके दिखाने वाली उसकी पूर्वज परम्परा का गौरव मन में रखने वाले सभी 150 करोड़ लोगों पर लागू होता है। मोहन भागवत ने फिर हिन्दू एकता का आह्वान किया है। आओ, फिर एक बार जागें, संकीर्णता एवं स्वार्थ की दीवारों को ध्वस्त करें। प्रेषकः

# हम भीड़-नियंत्रण में अक्षम हैं?

**राकेश दुबे**

प्रयागराज में हुए महाकुंभ और उसके आगे पीछे घटी घटनाओं से यह साबित हो गया है कि ऐसी भगदड़ को रोकने में हमारा प्रशासन अक्षम और लापरवाह है। अब साफ़ हो गया है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मचे भगदड़ में 18 मौतें हुईं। उनमें 13 महिलाएं, 3 बच्चे और 2 पुरुष थे, जो भगदड़ में कुचले गए। घायल भी 25 से अधिक बताए गए हैं। अस्पताल के सूत्रों और कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुमान हैं कि मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा हो सकता है। बीते शनिवार रात को यह हादसा हुआ, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। दरअसल यह प्रशासनिक त्रासदी है। अब यह साबित हो गया है कि ऐसी भगदड़ को रोकने में हमारा प्रशासन अक्षम और लापरवाह है। आस्था और अध्यात्म किसी को भी उत्तेजित उन्माद और हुड़दंगबाजी को विवश नहीं करते। महाकुंभ में जाने और त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर पुण्य कमाने की इच्छा सनातनी और स्वाभाविक है, लेकिन रेलवे स्टेशन की भगदड़ ही अकेली दुर्भाग्यपूर्ण घटना नहीं है।

बीते दिनों बिहार के पटना और अन्य रेलवे स्टेशनों पर भीड़ के हिंसक चेहरे भी दिखाई दिए। वह भीड़ भी महाकुंभ जाने को आमादा थी। यह संस्कृति ही अराजकता और भगदड़ को जन्म देती है। बिहार में बेलगाम भीड़ ने ट्रेन के वातानुकूलित डिब्बों के दरवाजे और शीशे ही तोड़ दिए। शीशों पर अलग-अलग चीजों से प्रहार किए गए और वे टूट कर बिखर गए।अंदर बैठे कुछ यात्री चोटिल भी हुए होंगे! भीड़ के विध्वंसक चेहरे सीसीटीवी में कैद हो गए होंगे, यदि वे कैमरे ऑन या कार्यरत होंगे! केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन चेहरों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। वे आम आदमी और विपन्न घरों के होंगे, तो उनसे आर्थिक जुर्माना कैसे वसूल किया जा सकता है? आप जेल में डाल सकते हैं, लेकिन उनके संस्कार ही हमलावर हैं, तो उन्हें कैसे बदला जा सकता है? सार्वजनिक संपत्तियां तो बर्बाद होती रही हैं। ये संपत्तियां कुछ मायनों में महाकुंभ में स्नान करने से भी पवित्र और महत्वपूर्ण हैं। ऐसे तोड़-फोड़ करने और भगदड़ मचाने वाले तत्त्व आध्यात्मिक और आस्थामय नहीं हो सकते।

रेल मंत्री अक्सर गिनाते रहते हैं कि कितनी हजार रेलगाडियां महाकुंभ के लिए चलाई जा रही हैं। वह अक्सर तसल्ली देते रहते हैं कि समूची व्यवस्था ठीक है। लेकिन हम भीड़-नियंत्रण में अज्ञानी, लापरवाह और अक्षम हैं, नतीजतन बार-बार और वह भी धार्मिक आयोजनों के संदर्भ में ज्यादा भगदड़ें होती रही हैं। महाकुंभ को लेकर शुरुआत में भीड़-नियंत्रण के खूब दावे किए जा रहे थे, लेकिन मेला-क्षेत्र में ही जो भगदड़ मची थी, उसमें अंतिम तौर पर मृतकों की संख्या कितनी रही, उसका डाटा उप्र सरकार ने आज तक साझा नहीं किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## हिवरखेड़ स्कूल में शिक्षिका के साथ फ़िल्मी गाने पर डांसः जिला पंचायत सदस्य और ग्रामीणों ने शिक्षकों पर कार्यवाही की मांग की

**सांध्य प्रकाश बैतूल।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय हाई सेकंडरी स्कूल हिवरखेड़ में शिक्षकों द्वारा शिक्षिका के साथ फिल्मी गाने पर डांस करने के मामले में एक माह बीत जाने के बाद भी कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। इसी को लेकर जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े ग्रामीणों के साथ जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुशवाहा से मिलीं और दोषी शिक्षकों पर जल्द कार्रवाई की मांग की ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्कूल में बेटी की उम्र की शिक्षिका के साथ फूहड़ गाने पर बच्चों के सामने डांस बेहद आपत्ति जनक था। जिससे स्कूल का वातावरण दुसित हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह की मानसिकता वाले शिक्षक बच्चों को संस्कार नही दे सकते। ग्रामीणों का आरोप है। कि शिक्षक राजनीतिक पकड़ रखते है। इसलिए कार्यवाही नही की गई। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुशवाहा ने ग्रामीणों और जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े की बातों को गंभीरता से सुना और जांच के आधार पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## मंत्री ने काफिला रोककर घायल युवक को पहुंचवाया अस्पताल



**दमोह।** जिले के जबेरा के गुबरा में देर रात वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे स्थानीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सिंग्रामपुर पहुंचे जहां टू व्हीलर बाइक सवार गाय से टकराकर घायल पड़े व्यक्ति को देखा तत्काल ही मंत्री लोधी ने अपना काफिला रोकवाकर साथियों के साथ सड़क पर घायल पड़े युवक की मदद करने लगे और तुरंत ही पुलिस की मदद से घायल युवक धर्मेन्द्र ठाकुर जो कि कौरता सरपंच के परिवार का बताया गया है उसको तत्काल जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां से उसे जबलपुर रिफर कर दिया गया है।

## अवैध कच्ची शराब बनाने वालों को शराब न बनाने की दी सख्त हिदायत

**दमोह।** विगत दिवस हुए घटनाक्रम को लेकर दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देश पर दमोह देहात थाना क्षेत्र की



जबलपुर नाका चौकी पुलिस के द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे पहुंचकर कच्ची महुआ शराब बनाने वाले परिवारों को सख्त हिदायत दी गई की यदि आप लोग शराब बनाते हुए पाए गए तो आपके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी इस दौरान एक स्थान पर समाज के सभी लोगों को बैठकर हिदायत दी गई की अगर कच्ची महुआ शराब बनाते पाये गये तो आपके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जावेगी जिसके जवाबदारी आप लोग स्वय रहोगे ।जबलपुर नाका चौकी प्रभारी ने अबैध कच्ची शराब बेचने वालों को एक स्थान पर इकट्ठा करके शराब न बनने को लेकर दी सख्त हिदायत इस दौरान जबलपुर नाका पुलिस चौकी प्रभारी आनंद कुमार सहित पुलिस स्टॉप उपस्थित रहा।

## नौ दिवसीय श्री राम कथा में श्री राम विवाह हुआ संपन्न

**ओबेदुल्लागज (संवाददाता)।** नगर में सामूहिक महिला भजन मंडल द्वारा हो रही राम कथा के छठे दिन श्री रामचरित मानस की कथा में राम-सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथावाचक



सदभव तिवारी ने श्रीराम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा- महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी लोगों ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्री राम धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवतागण उन पर फूलों की वर्षा करने लगे। इस क्रम में संगीत की धुन पर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने को विवश कर दिया। कथा की समाप्ति के बाद नगर के व्यापारी सामाजिक संगठन एवं मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने कथा वाचक पंडित जी सदभव तिवारी को शाल श्रीफल भेट एवं फूल माला पहनकर स्वागत किया।

## आष्टा में मुख्यमंत्री कन्यादान निकाह योजना सम्मेलन 25 को होगा

**आष्टा।** आष्टा में होने वाला मुख्यमंत्री कन्यादान निकाह योजना में एक बार फिर से पुरानी 25 तारीख में ही सम्मेलन संपन्न होगा।मुख्यमंत्री कन्यादान एवं निकाह योजना निर्धारित 25 फरवरी को ही आयोजन होगा ।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमित व्यास ने पुष्टि की।2 दिन से विवाह सम्मेलन भाग लेने वाले परिवारजन परेशानी में है क्योंकि उन्होंने कार्ड सहित अन्य सभी 25 तारीख में बुक किए हैं और अगर तारीख बदलता है तो सभी को परेशानी उठाना पड़ेगी। क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि मंगलवार को ही मालूम पड़ेगा कि मुख्यमंत्री कब आएंगे अगर मुख्यमंत्री नहीं आए तो आयोजन 25 फरवरी को ही होगा।

### घोड़ाडोंगरी सी एम राइस स्कूल के समीप डामर प्लांट होगा बन्द

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने डामर प्लांट बंद करने और बिजली-पानी की आपूर्ति काटने के आदेश दिए

**सांध्य प्रकाश बैतूल।** घोड़ाडोंगरी में 32 करोड़ की लागत से सीएम राइस स्कूल निर्माण स्थल समीप संचालित अवैध डामर प्लांट को आखिरकार बंद करने के आदेश जारी हो गए। आगामी सत्र में शुरू होने की संभावना है। और स्कूल के समीप अवैध रूप से संचालित इस डामर प्लांट से प्रदूषण फैल रहा था। मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के निर्देश पर क्षेत्रीय अधिकारी कैलाश नारायण कटारे ने अपनी टीम के साथ ग्राम कान्हावाड़ी, तहसील घोड़ाडोंगरी, जिला बैतूल स्थित खसरा क्रमांक 309/1/3 पर संचालित तिरुपति स्टोन केशर (हॉट मिक्स एवं आरएमसी प्लांट) का निरीक्षण किया। डामर प्लांट संचालक ने बिना बोर्ड की अनुमति के संचालन किया था। इसके अलावा, प्लांट में वायु प्रदूषण रोकने के लिए कोई प्रभावी उपाय नहीं किए गए थे। बल्कि गम्भीर अनियमितताएं पाए जाने के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने डामर प्लांट संचालक को पहले ही पत्र क्रमांक 04 दिनांक 02.01.2025 को नोटिस जारी किया था। लेकिन, डामर प्लांट संचालक ने ऑनलाइन आवेदन क्रमांक 1401990 के तहत बिना बोर्ड की स्वीकृति के संचालन जारी रखा। इसे गंभीर मानते हुए बोर्ड ने जल (प्रदूषण निवारण एवं



नियंत्रण) अधिनियम 1974 की धारा 25/26 और वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 21 के तहत डामर प्लांट को तत्काल प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी किए। बल्कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने डामर प्लांट की बिजली और पानी की आपूर्ति भी रोकने के निर्देश दिए हैं। जिसकी प्रतिलिपि बैतूल कलेक्टर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी घोड़ाडोंगरी, और अधीक्षण यंत्री, मध्य प्रदेश राज्य पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बैतूल को भी भेजी गई है। क्षेत्रीय अधिकारी कैलाश नारायण कटारे ने कहा कि बिना अनुमति संचालित सभी डामर प्लांट आलावा अन्य प्रदूषणकारी इकाइयों पर नजर रखी जाएगी।

## गलियों में आगजनी को रोकने को मिली छोटी दमकल



**दैनिक सांध्य प्रकाश गंजबासौदा।** नगर पालिका परिषद द्वारा गली मोहल्लों में आगजनी की घटनाओं को तुरंत रोकने के लिए नगर पालिका ने छोटा अग्निशामक यंत्र यानी दमकल खरीद लिया है। जो सकरी और छोटी गलियों मैं आसानी से पहुंच सकेगा। सोमवार को इस अग्निशामक यंत्र का सफल परीक्षण सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पार्षद मूलचंद अहिरवार मनीभाई अहिरवार, संजय भावसार, मुन्ना महाराज एवं अन्य पार्षदों की उपस्थिति में किया गया। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि इस छोटी दमकल में पानी की क्षमता करीब 2500 लीटर रहेगी। इसके अलावा इसमें झाग की बौछारों की भी व्यवस्था होने से आग पर काबू पाने में काफी आसानी रहेगी। विभिन्न वार्डों में निवासरत नागरिकों की सूचना पर यह दमकल आसानी से गलियों में जा सकेगी और अपनी क्षमता अनुसार लगभग पांच मंजिला मकान की आग को कुछ ही समय में बुझा देगी। नपा प्रशासन पर अभी छोटी दमकल नहीं थी जिस कारण गली मोहल्ले में आगजनी होने पर काफी असुविधा उठानी पड़ रही थी लेकिन अब यह समस्या भी दूर हो गई है।मदन भैया क्लब पार्क में 10 लाख लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी का निर्माण कार्य चालू करवा हो गया है। नपा के इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि इस पानी की टंकी की हाइट लगभग 60 फिट रहेगी और इसका निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य 6 माह रखा गया है। इस पानी की टंकी बन जाने पर वार्डें पर्याप्त जलापुर्ति की व्यवस्था हो जाएगी। अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने कहा कि नगर में विकास कार्य को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए छोटी दमकल खरीदी गई है। इससे काफी फायदा होगा इसके अलावा जला पूर्ति व्यवस्था में क्लब पार्क में बनने वाली पानी की टंकी काफी मददगार साबित होगी।

## मण्डीदीप में जिला स्तरीय युवा संगम मेला सम्पन्न



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता )-** मण्डीदीप स्थित के ग्रेफाइट हायर सेकंड्री स्कूल में भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा के मुख्य आतिथ्य में ÷युवा संगम÷ रोजगार दिवस, अप्रेंटरशिप मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन संपन्न हुआ। युवा संगम कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। विधायक सुरेन्द्र पटवा द्वारा शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। जिले में विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के 1626 प्रकरणों में रू. 839.80 लाख रू की ऋण राशि हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापना हेतु वितरित की गई।

अप्रेंटरशिप मेले में भोपाल एवं औद्योगिक क्षेत्र मण्डीदीप की विभिन्न कम्पनियों में नाहर स्पीनिंग मिल्स, एरिस्टो फार्मास्यूटिकल्स, आइशर ट्रेक्टर्स, अनंत स्पीनिंग मिल्स, हॉकआई सिकयोरिटी, इन्सुलेटर एण्ड इलेक्ट्रिकल्स कंपनी, आई डब्ल्यू आई स्टेशनरी, मैक्सन हैल्थकेयर लि0, ल्यूपिन लि. नवभारत फर्टीलाइजर्स, सेंट आर सेटी, वाल्वो आयसर बगरोदा, टेस्ला ट्रांसफार्मर्स एवं जाब मंत्र इत्यादि द्वारा अपने स्टाल लगाकर मेले में उपस्थित हुये बेरोजगार युवक/युवतियों का पंजीयन किया गया। युवाओं के इन्टरव्यू आयोजित कर चयनित आवेदकों को रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा। कार्यक्रम में चंद्रशेखर श्रीवास्तव एसडीएम गौहरगंज, मीणा सीईओ जनपद पंचायत ओबेदुल्लागंज, एच एस सोनी अग्रणी जिला प्रबंधक, प्रशांत जैन मुख्य नगरपालिका अधिकारी मण्डीदीप सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## डेम की भूमि पर अवैध रूप से खेती करने वालों पर प्रशासन ने चलवाए ट्रैक्टर

**सिरोंज।** सोमवार को केथन डैम में अवैध रूप से खेती करने वालों पर प्रशासन ने कड प्रहार करते हुए 80 बीघा जमीन को मुक्त करवाया है। प्रशासन कि इस कार्रवाई का कई अतिक्रमण धारी विरोध करने भी पहुंचे कुछ ने तो महिलाओं को भी आगे किया पर प्रशासन ने अपनी कार्रवाई को जारी रखते हुए सरकारी जमीन को बड़े पैमाने पर खाली करवाया है। इससे पहले भी 25 हेक्टर के करीब जमीन इनके कब्जे से प्रशासन खाली करवा चुका है कुछ दिनों से एक-एक अतिक्रमण धारी की जानकारी लेकर इनको चिन्हित किया इसके बाद इनके ऊपर कार्रवाई करते हैं इनकी फसलों पर ट्रैक्टर चलावाए अवैध रूप से खेती करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देश पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने विकास अग्रवाल को नोडल अधिकारी बनकर संयुक्त दल बना है जिसमें सिंचाई विभाग और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में नायब तहसीलदार ने 6 ट्रैक्टरों से 18 से 19 हेक्टर के करीब जमीन पर लगी फसल को नष्ट करवा कर इनके कब्जे से इसको छुड़वाने का काम किया है। जैसे ही प्रशासनिक हमला दलबल के साथ ट्रैक्टरों को लेकर मौके पर कार्रवाई करने के लिए पहुंचा तो 5 , 6 लोग इनकी कार्रवाई विरोध करने लगे पर प्रशासन ने सरकारी जमीन पर फसल होने पर अतिक्रमण धारियों के विरोध को दरकिनार करते हुए 6 ट्रैक्टर चलवाए कई घंटे की मशक्कत के बाद डेम की जमीन इनके कब्जे से खाली प्रशासन के अधिकारी करवा पाए उक्त कार्रवाई को विधायक ने भी अशोक जैन खर्च के द्वारा डेम की जमीन में अवैध रूप से खेती करने की शिकायत की थी हमारे संवादाता द्वारा भी लगातार जनहित में अवैध रूप से खेती करने का मामला उठाया जा रहा है। इससे पहले भी प्रशासन हमारे संवादाता की खबर कलेक्टर के निर्देश कार्रवाई को अंजाम दे चुका है। सोमवार को तीसरी बार अतिक्रमण धारियों पर चोट प्रशासन ने की उक्त डैम का निर्माण शहर वासियों की प्यास बुझाने किया गया पर लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से सांठ गांठ करके करके अवैध रूप से केथन डेम की सैकड़ो बीघा जमीन पर दबंगो के द्वारा सालों से अवैध रूप से खेती करके पानी को दूषित किया जा रहा साथ ही डेम को खाली करने के लिए पानी चोरी करने का काम किया जाता है इसमें इनका सहयोग बिजली वितरण कंपनी के द्वारा भी किया जाता है। इससे पहले तत्कालीन एसडीएम बृजेश शर्मा ने भी डेम की भूमि में खेती चालवने का काम किया था अब दूसरी बार इस तरह की बड़ी कार्रवाई अवैध रूप से खेती करने वालों पर एसडीएम करवा रहे हैं।



### इनका कहना है

केथन डेम में अवैध रूप से खेती करने वालों की फसलों पर 6 ट्रैक्टर चलवा कर 80 बीघा जमीन को मुक्त करवाया है कुछ लोगों ने विरोध किया था पर हमने अपनी करवाई नियमों के अनुसार की है।

विकास अग्रवाल नायब तहसीलदार

## मंडला में ईओडब्ल्यू का छापा,दैनिक वेतनभोगी के घर से मिली 3 करोड़ से अधिक की अवैध प्रॉपर्टी




**मंडला/अजीत पटेल।** जिला मुख्यालय में ईओडब्ल्यू ने नगर परिषद बिछिया के दैनिक वेतन भोगी के घर की छापामार कार्रवाई की जांच में बैंक संचालन का मामला सामने आया है। ईओडब्ल्यू के इस बड़ी कार्रवाई में नगर परिषद बिछिया के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शिव झरिया के घर और कार्यालय पर दबिश दी गई जहां आय से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है।डीएसपी एवी सिंह ने बताया कि सर्च कार्रवाई में अचल संपति, बैंकों के पासबुक आदि पाई गई है, जिसमें कुल 3 करोड़ 10 लाख की संपत्ति अवैध रूप से पाई गई है।

**आवास और नजदीकी कार्यालय में ली गई तलाशी** जिला मुख्यालय में विगत दिनों शनिवार को ईओडब्ल्यू ने बिछिया नगर परिषद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी शिव झरिया के मंडला, बम्हनी, नारायणगंज ऑफिस पर छापामार कार्रवाई किया डीएसपी मनजीत सिंह के नेतृत्व में ईओडब्ल्यू की टीम ने बिछिया स्थित शिव झरिया के आवास और नजदीकी कार्यालय में तलाशी ली गई ईओडब्ल्यू के द्वारा महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच करने के साथ घर में मौजूद कारों सहित अन्य संपत्तियों का मूल्यांकन किया जा रहा है।अब तक की इस जांच में सामने आया कि शिव झरिया शिवंशी इंडिया निधि लिमिटेड बैंक का भी संचालन करते हैं। शिव झारिया जिन्हें पगार 9 हजार, है आज वो करोड़पति बाबू की आलीशान कोठी, लाखों के जेवर और करोड़ों की प्रॉपर्टी के मालिक हैं। उक्त मामले से लाखों रुपए के गबन का आरोप शिवकुमार झरिया पूर्व में मंडला जिले के मोहगांव जनपद में कैशियर थे, वहां आर्थिक अनियमितताओं के आरोपों के बीच उन्हें नौकरी छोड़नी पड़ी।इसके बाद वे बिछिया नगर परिषद में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के तौर पर काम कर रहे थे, यहां पर शिकायत के बाद जिला स्तरीय जांच टीम ने परिषद के 2 वित्तीय वर्षों के लेखा-जोखा की जांच की थी। इस जांच में लाखों रुपए का गबन सामने आया है।जिसकी बिछिया थाने में एफआईआर दर्ज की गई,इस मामले में शिवकुमार झरिया सह आरोपी हैं और वर्तमान में जमानत पर हैं।

## युवा कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र यादव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन

**मंडला/अजीत पटेल।** जिले में सोमवार को युवा कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन यादव के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रोजगार दो, नशा नहीं का नारा लगाते नजर आए साथ ही सरकार पर बेरोजगारी की समस्या को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया.

**फायर ब्रिगेड ने किया पानी का बौछार,पुलिस बल का किया गया प्रयोग:** कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने रेडक्रॉस से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट की ओर मार्च किया इसमें कांग्रेस विधायक नारायण सिंह पट्टा,चैन सिंह वरकड़े समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदर्शन में शामिल हुए।इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट के सामने लगाए गए बैरिकेड्स को तोड़ दिया और कलेक्टर से मिलने की जिद पर अड़ गए।प्रशासन को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फायर ब्रिगेड और पुलिस बल का सहारा लेना पड़ा।

## महाशिवरात्रि मेले को लेकर शिव मंदिर में हुई साजसज्जा

**सांध्य प्रकाश, सोहागपुर।** यहां महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर क्षेत्र में लगने वाले मेला की तैयारिया हो गई है। भगवान शिव के प्राचीन और ऐतिहासिक प्रतिमा वाले शिवालय की साज़ सज्जा पुजारी माखन लाल शर्मा द्वारा कर दी गई है। जिससे मंदिर आकर्षण का केंद्र बन गया है। बता दे कि नगर का एकमात्र शिवालय जो शिव पार्वती की आलिंगन बद्ध प्रतिमा के कारण प्रसिद्ध है यहां 1964 से लगातार महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन किया जाता है, 3 दिन तक लगने वाले मेले का आयोजन स्थानीय प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जाता है। मेला के चलते यहां मंदिर को रंग रोगन सहित लाइटिंग से सजा दिया गया है। पचमढ़ी से लौटते समय विदर्भ क्षेत्र के शिवभक्त इस मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के बाद ही आगे की यात्रा करते है।



**कार्यालय नगरपालिका परिषद खरगोन जिला, खरगोन म.प्र.**

निविदा सूचना क्रमांक/11/MCK/2254-18-टेंबर/2025 खरगोन, दिनांक- 11/02/25

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अ. क. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 402617_1 Date-17.02.2025 | वार्ड क. 4 अवनीग्राम में रवि महाजन के मकान से धीरेन्द्र चौहानजी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 01 माह लागत 1221300/- | 2000/- 9160/- | 18.03.2025 |
| 2 | 2025_UAD_ 402620_1 | वार्ड क. 5 में विनिन्न गलियों में बी.टी.. रोड़ निर्माण कार्य। | 02 माह लागत- 2947467/- | 5000/- 22106/- | |
| 3 | 2025_UAD_ 4026222_1 | बार्ड क. 5 चमेली की बउड़ी में गुलाब भवन केन्पीछे सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 01 माह लागत- 1374180/- | 2000/- 10306/- | |
| 4 | 2025_UAD_ 402623_1 | पार्ड क. 7 में विनिन्न गलियों में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 02 माह लागत 2936404/- | 5000/- 22023/- | |
| 5 | 2025_UAD_ 402624_1 | वार्ड क. 13 मुल्लानयाडी में जामा मस्जिद से गणेश मंदिर तक एवं सिद्धी विनायक मंदिर से गणेश मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण। | 02 माह लागत- 2126983/- | 5000/- 15952/- | |
| 6 | 2025_UAD_ 402625_1 | वार्ड क. 14 सब्जी मण्डी में एस.बी.आई. बैंक से पार्क के कार्नर तक सी.सी. रोड़ एवं पेवर फिक्सिंग कार्य। | 02 माह लागत- 2229922/- | 5000/- 16724/- | |
| 7 | 2025_UAD_ 402626_1 | वार्ड क्र. 14 सब्जी मण्डी में नाला भाई चाय दुकान से पार्क के कार्नर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 02 माह लागत 1566 888/- | 2000/- 11751/- | |
| 8 | 2025_UAD_ 402627_1 | वार्ड क. 14 राब्जी मण्डी में वेल्डिंग दुकान से निर्माण सीट कवर दुकान तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 02 माह लागत- 1189085/- | 2000/- 8918/- | |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से त्तमाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(छाया जोशी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खरगोन | (भोलू कर्मा) उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद खरगोन | (धीरेन्द्र सिंह चौहान) सभापति लो.नि. विद्युत एवं यांत्रिकी नगर पालिका परिषद, खरगोन | (एस.आर निंगवाल) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद खरगोन

# मप्र कैडर के 2012 बैच के आईएएस अधिकारी बने केंद्रीय कोयला मंत्री के पीएस



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में 2012 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी पंकज जैन केंद्रीय कोयला और खनिज मंत्री किशन रेड्डी के प्राइवेट सेक्रेटरी नियुक्त किए गए हैं। उनकी यह नियुक्ति 5 साल के लिए की गई है।

## आईआईएम रायपुर ने पूर्णतः वित्तपोषित पीएच.डी. कार्यक्रम 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**रायपुर ।** भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर, जिसे व्यवसाय नेतृत्व के निर्माण के लिए जाना जाता है, ने अपने पूर्णकालिक पीएचडी कार्यक्रम 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई 2025 निर्धारित की गई है। यह पूर्णकालिक, पूरी तरह से वित्त पोषित कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त विद्वानों को विकसित करने के लिए संरचित किया गया है, जो प्रबंधन शोध और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सक्षम होंगे।

## बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज ने क्यू3 एफवाय25 में 2,079 लाख की समेकित कुल आय की रिपोर्ट की

**नासिक, एजेंसी।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीएसई – 512025), (पूर्व में इनर्शिया स्टील लिमिटेड के नाम से ज्ञात), जो विभिन्न प्रकार के क्राफ्ट पेपर के प्रमुख निर्माता और आपूर्तिकर्ता में से एक है, ने अपने त्त्३ और 9एम एफवाय25 के परिणामों की घोषणा की है। बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री कारभारी धात्रक ने टिप्पणी करते हुए कहा, हम क्यू3 एफवाय2 5 में हमारे उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रसन्न हैं, जो हमारी उन्नत निर्माण क्षमताओं और हमारी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, बांगेगा पेपर मिल्स की सतत वृद्धि से प्रेरित है। हमारी अत्याधुनिक सुविधा प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन से अधिक क्राफ्ट पेपर का उत्पादन करती है, जिससे हम टिकाऊ और उच्च गुणवत्ता वाले पेपर उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पर्यावरण के अनुकूल निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, जिसमें पुनर्नवीनीकरण सामग्री का उपयोग और संसाधनों का कुशल प्रबंधन शामिल है, उद्योग में हमें अलग बनाता है। भविष्य में हुए, हमें अपने परिचालन ताकतों और बाजार के अवसरों का लाभ उठाकर आने वाले तिमाहियों में निरंतर वृद्धि प्रदान करने का विश्वास है।

## मनाक्शिया कोटेड मेटल्स × इंडस्ट्रीज ने Qx FYw 5 में 208 करोड़ कुल आय की रिपोर्ट दी है

**मुंबई , एजेंसी।** मनाक्शिया कोटेड मेटल्स × इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक प्रमुख कोटेड मेटल उत्पादों का निर्माता और निर्यातक है। प्री-पेंटेड गैल्वनाइज्ड स्टील और प्लेन गैल्वनाइज्ड स्टील, दोनों कोइल और शीट रूपों में विशेषज्ञता रखने वाली इस कंपनी ने क्यू3 और 9एम एफवाय2 5 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है। कामगिरी पर टिप्पणी करते हुए श्री करण अग्रवाल, व्होल टाइम डायरेक्टर, मनाक्शिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा, हम अपनी क्यू3 एफवाय25 की प्रदर्शन से खुश हैं, जो मजबूत राजस्व वृद्धि, सुधारित लाभप्रदता, और बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को दर्शाता है। यह वृद्धि बेहतर संचालन क्षमता, रणनीतिक पहलों, और उच्च-मूल्य वाले उत्पादों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण हुई है। हमारी प्री-पेंटेड स्टील पर जोर देना सफलता का एक प्रमुख कारण बना हुआ है, जिसका राजस्व में बढ़ता योगदान हमारे मूल्य-वर्धित उत्पादों की ओर बढ़ते हुए कदमों को मजबूत करता है। यह संक्रमण न केवल हमारे मार्जिन को सुदृढ़ करता है, बल्कि यह उद्योग की बदलती मांगों के अनुरूप भी है। इसके अतिरिक्त, गैल्वनाइज्ड और प्री-पेंटेड स्टील दोनों के उत्पादन में मजबूत वृद्धि हमारे उत्पादन क्षेत्र की उत्कृष्टता और हमारे उत्पादों के लिए बढ़ती बाजार की मांग को उजागर करती है।

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर ज़ी टीवी सितारों के दिल से निकली अपनी जुबान की मिठास

**मुंबई, एजेंसी।** भाषा सिर्फ बातचीत का ज़रिया नहीं, बल्कि हमारी पहचान है। ये हमारी जड़ों से जोड़ने वाली डोर है, हमारी संस्कृति की रखवाली करने वाली आवाज़ है और हमारे जज़्बातों की सबसे सच्ची तस्वीर भी। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमें याद दिलाता है कि जिस भाषा में हम सोचते हैं, महसूस करते हैं, हंसते हैं और रोते हैं, वही हमारे दिल के सबसे करीब होती है। हमारी मातृभाषा में कहानियां पीढ़ी दर पीढ़ी बहती हैं, परंपराएं जिंदा रहती हैं और जज़्बात अपनी सबसे खूबसूरत शक्ल में ढलते हैं। भाषाई विविधता का जश्न मनाना सिर्फअलग-अलग बोलियों को पहचानने की बात नहीं, बल्कि उस सुकून, आत्मविश्वास और अपनापन महसूस करने की बात है, जो अपनी भाषा बोलने से आता है। इसी खास मौके पर जमाई नं. 1 के अभिषेक मलिक, भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे, जागृति - एक नई सुबह के आर्य बब्बर, बस इतना सा ख्वाब की राजश्री ठाकुर, कैसे मुझे तुम मिल गए की हेमांगी कवि और वसुधा के सचिन पारेख जैसे ज़ी टीवी के कलाकार अपनी मातृभाषा के लिए अपने प्यार और जुड़ाव की अनमोल कहानियां साझा कर रहे हैं।

# पीथमपुर में जहरीला कचरा जलाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका, सरकार को नोटिस जारी!



**भोपाल।** भोपाल में 40 साल पहले गैस त्रासदी का कारण बनी यूनियन कार्बाइड का कचरा पीथमपुर लाकर नष्ट करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सरकार को नोटिस जारी किया गया है। अगले सप्ताह सुनवाई की तारीख तय की गई। यह याचिका इंदौर के नागरिक और समाजसेवी चिन्मय मिश्रा नाम ने दायर की गई। इस याचिका में यूनियन कार्बाइड के कचरे को भोपाल से लाकर पीथमपुर में जलाने पर रोक की मांग की गई। इस याचिका में कहा गया कि मामले में पीथमपुर के लोगों से सलाह नहीं ली गई। यह भी बताया गया कि कचरे को नष्ट करने से पीथमपुर में रेडिएशन का खतरा हो सकता है। अगर रेडिएशन फैलता है, तो उससे प्रभावित लोगों की चिकित्सा की सुविधा भी उस इलाके में नहीं है। याचिकाकर्ता ने यूनियन कार्बाइड के कचरे को भोपाल से लाकर पीथमपुर में जलाने पर रोक की मांग की। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड सर्वम रीतम खरे के जरिए दाखिल याचिका की पैरवी वरिष्ठ वकील देवदत्त कामत ने की। कामत की बात थोड़ी देर सुनने के बाद जस्टिस भूषण रामाकृष्ण गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह ने मामले पर नोटिस जारी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 24 फरवरी को मामले की सुनवाई की बात कही है।

इससे पहले 6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह कहते हुए मामले को नहीं सुना था कि वह पहले से मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में चल रहा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट इसे नई जनहित याचिका के तौर पर सुन सकता. इसके बाद याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली थी। अब उसने हाईकोर्ट की तरफ से जारी आदेश के खिलाफ याचिका दाखिल की है। इसे स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार से जवाब मांग लिया है।1984 में भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली मिथाइल आइसोनेट गैस लीक हुई थी। इससे 8 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। साथ ही हजारों लोग अपंगता, अंधेपन और दूसरी विकृतियों के शिकार हुए थे। यूनियन कार्बाइड का औद्योगिक कचरा 40 साल से वहीं पड़ा है। 3 दिसंबर, 2024 को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने 4 सप्ताह में औद्योगिक कचरा भोपाल से डिस्पोजल साइट पर पहुंचाने का आदेश दिया था। इसे लेकर धार जिले के पीथमपुर में कड़ा विरोध हो रहा है। कई स्थानीय संगठनों ने अलग-अलग तरीकों से अपना विरोध दर्ज कराया है।

# प्लम्बर बाथवेयर ने दुनिया की पहली होरिज़ोंटल पीलिंग मशीन 'इन्नोपील' बनाने के लिये आदित्य मेकैट्रॉनिक्स को मेंटर किया



**इंदौर, एजेंसी।** एक्वा प्लम्बिंग्स प्रा. लि. के अग्रणी बाथवेयर ब्रैंड प्लम्बर बाथवेयर ने अपनी विनिर्माण प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी की एक महत्वपूर्ण उन्नति की घोषणा की है। इस ब्रैंड ने एक अत्याधुनिक होरिज़ोंटल पीलिंग मशीन 'इन्नोपील'लॉन्च की है। इन्नोपील को आदित्य मेकैट्रोनिक्स के साथ भागीदारी में मिलकर विकसित किया गया है और यह एक 360-डिग्री पीलिंग सॉल्यूशंन देती है। इस सॉल्यूशन में पार्टिंग लाइंस और जॉइंट्स की जरूरत नहीं रहती है। इससे खूबसूरती बढ़िया बनी रहती है और फाउसेट के विनिर्माण की प्रक्रिया बेहतर हो जाती है। आशा है कि यह उन्नत मशीन प्लम्बर बाथवेयर की फाउसेट के उत्पादन की क्षमता को लगभग 30त्न बढ़ा देगी। दुनिया में अभी उपलब्ध टेक्नोलॉजी मुख्य रूप से वर्टिकल स्पाइंडल पीलिंग पर निर्भर करती है, जिसमें 180-डिग्री की सतह पर काम होता है। इन्नोपील अपने उन्नत होरिज़ोंटल स्पाइंडल सिस्टम के साथ एक नया मापदण्ड तय करती है और पूरे 360-डिग्री पीलिंग सॉल्यूशन को संभव बनाती है। यह नई खोज सतह की सटीकता बढ़ाती है और फाउसेट के विनिर्माण में बेजोड़ क्षमता भी सुनिश्चित करती है।

# भारत व इटली ने कृषि, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग पर की चर्चा, वाणिज्य मंत्री कही यह बात

भारत और इटली ने कृषि, रक्षा, अंतरिक्ष, बुनियादी ढांचे और परिवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में चर्चा की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इटली के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अवर सचिव मारिया त्रिपोदी और भारत में इटनी के राजदूत एंटोनियो बार्टोली से मुलाकात की। इन नेताओं ने मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों का पता लगाने से जुड़े विषयों पर चर्चा की। सोमवार को सोशल मीडिया पर बातचीत करते हुए गोयल ने बैठक को उत्पादक बताया और आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। गोयल ने कहा, 卐इटली के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अवर सचिव महामहिम मारिया त्रिपोदी और भारत में इटली के राजदूत महामहिम एंटोनियो बार्टोली के साथ एक उत्पादक बैठक हुई। द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने और कृषि, रक्षा, अंतरिक्ष, बुनियादी ढांचे और परिवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

इतालवी प्रतिनिधिमंडल के साथ अपनी बैठक के अलावा, गोयल ने यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ एक आभासी चर्चा भी की। दोनों नेताओं ने भविष्य में जुड़ाव बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की और भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी को मजबूत करने के नए अवसरों पर चर्चा की।

# प्रॉपर्टी मार्केट के निवेशक, बिल्डर, डेवलपर के मध्य विश्वास का सेतु हैं रियल एस्टेट एजेंट्स





**भोपाल।** रियल एस्टेट मार्केट में प्रॉपर्टी ब्रोकर एजेंट की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण है, इंफ्रास्ट्रक्चर सड़कों का निर्माण ,स्मार्ट सिटी यह सभी पहलू, प्रॉपर्टी मार्केट के माध्यम से एजेंट के व्यापार में वृद्धि करते हैं यह उद्गार व्यक्त किये विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने उड़ान 2.0 कार्यक्रम के दौरान। उल्लेखनीय है कि एसोसिएशन ऑफ भोपाल रियल्टर्स द्वारा आयोजित उड़ान कार्यक्रम में विभिन्न पैनल डिस्कशन में इस बात पर जोर दिया गया कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर मीट में रियल एस्टेट एजेंट अपने अनुभव और भोपाल की ब्रांडिंग में अपना विशेष सहयोग करें . रियल मेकर प्राइवेट लिमिटेड के विनय यादव बिल्डरों के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट मैं अपने अनुभव के जानकारी साझा की। केड़ाई अध्यक्ष मनोज सिंह द्वारा कमाल भोपाल की जानकारी देते हुए इसके ऐतिहासिक महत्व और भोपाल की विकास की अनंत संभावनाओं के विकास की जानकारी दी की जानकारी,भोपाल एक अपने आप में ब्रांड बन रहा है और जिसमें रियल एस्टेट एजेंट ब्रोकर अपने सहभागीता देते हुए विशेष योगदान देंगे भोपाल के प्रतिष्ठित बिल्डर सेज ग्रुप के संजीव अग्रवाल ने ब्रोकर से अपेक्षा कि रियल एस्टेट एजेंट्स द्वारा प्रॉपर्टी निवेशकों को पारदर्शिता और बेहतरीन और विश्वसनीयता सेवाएं करें जिससे बिल्डर डेवलपर के बीच में सामंजस्य स्थापित हो भोपाल संगठन के अध्यक्ष अरुण गुप्ता द्वारा बताया गया कि ब्रोकर्स के ट्रेनिंग और एजुकेशन पर विशेष कार्यक्रम करता रहता है इसके अलावा, एजेंट्स किसी भी संपत्ति के सौदे को निष्पक्ष और साफ-सुथरे तरीके से करें हैदराबाद से चेयरमैन सुमन रेड्डी ने ब्रोकर को शासन की नीतियों का पालन करते हुए पालन करते हुए और डेवलपर के साथ मिलकर के कार्य करना , ताकि खरीदार और विक्रेता दोनों के लिए यह एक लाभकारी प्रक्रिया साबित हो। इस पारदर्शिता के चलते निवेशकों का विश्वास और निवेश बढ़ेगा, जिससे रियल एस्टेट क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी। नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियल्टर्स (नार इंडिया) के राष्ट्रीय पदाधिकारी कार्ड इस अवसर पर उपस्थित थे मीडिया प्रभारी -राकेश अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता के लिए भोपाल,इसी प्रकार के प्रोग्राम को भविष्य में और बेहतर तथा बड़े स्तर पर करने की जानकारी दी।

# यूनिटी बैंक ने मध्यप्रदेश में अपना विस्तार किया




**भोपाल।** नये जमाने की बैंक यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूनिटी बैंक) ने भारत के दिल, यानि मध्यप्रदेश में अपनी उपस्थिति को बढ़ाया है। इसके तहत बैंक ने भोपाल में 2 नई शाखाओं का उद्घाटन किया है। यूनिटी बैंक का यह विस्तार राज्य में व्यवसाय के लिये बढ़ रहे अवसरों का लाभ उठाने के लिये हुआ है। इसमें ग्राहकों को जमा राशि पर आकर्षक ब्याज दरें और उद्यमियों तथा आम लोगों को तैयार वित्तीय समाधानों की पेशकश की जायेगी। यह शाखाएं भोपाल की त्रिलंगा और अरेरा कॉलोनी में खोली गई हैं। यूनिटी बैंक वरिष्ठ नागरिकों के लिये 9.50त्न प्रतिवर्ष की आकर्षक दर पर सावधि जमा की पेशकश करती है, जबकि दूसरे निवेशक 9.00त्न प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अर्जित कर सकते हैं। यूनिटी बैंक बचत खातों के लिये 7.50त्न प्रतिवर्ष, 5 लाख रूपये से ज्यादा की शेषराशि पर ... और 1 लाख रूपये अधिक तथा 5 लाख रूपये तक के जमा शेष पर 7.25त्न प्रतिवर्ष ब्याज देती है (मासिक भुगतान)। इसके अलावा, चुनिंदा शाखाओं में प्रतिस्पर्द्धी दरों पर लॉकर्स भी उपलब्ध हैं। यूनिट बैंक के भोपाल में आने का लक्ष्य है वहाँ बढ़ रहे व्यवसाय के अवसरों का लाभ उठाना। ग्राहकों को जमाराशि पर आकर्षक ब्याज दरें देना, एसएमई और एमएसएमई को बिजनेस लोन देना तथा इससे महत्वपूर्ण, मध्यप्रदेश के नागरिकों को ज्यादा स्मार्ट, तेज और सशक्त बैंक के साथ बैंकिंग करने का मौका देना भी उसका लक्ष्य है।

# एसआरएम इंस्टीट्यूट ने लॉन्च किया इंटीग्रेटेड मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम

चेन्नई । चेन्नई स्थित एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने हाल ही में एक अभिनव पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम की शुरुआत की है। यह विशेष रूप से अगली पीढ़ी के पब्लिक हेल्थ लीडरों को तैयार करने के लिए विकसित किया गया है जिससे वे जटिल वैश्विक एवं स्थानीय स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में समर्थ बनेंगे। प्लस टू परीक्षा में न्यूनतम कुल 60 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने वाले छात्रों के लिए यह प्रोग्राम खुला है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत एक सुसंरचित पाठ्यक्रम तैयार किया गया है जो महामारी विज्ञान, जैव सांख्यिकी, स्वास्थ्य प्रणाली एवं नीति, स्वास्थ्य परियोजना प्रबंधन और स्वास्थ्य अनुसंधान को समावेशित करते हुए वैश्विक एवं स्थानीय स्वास्थ्य मुद्दों को एकीकृत करता है। यह अनुसंधान, डेटा एनालिटिक्स और कार्यक्रम मूल्यांकन पर व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करता है।

# यशवंत क्लब पर करोड़ों की टैक्स चोरी और घोटाले का आरोप, कांग्रेस ने किए बड़े खुलासे, सीएम डॉ: यादव से की मामले की शिकायत



**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर का यशवंत क्लब विवादों में घिरता नजर आ रहा है! कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव ने क्लब पर करोड़ों के टैक्स घोटाले और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपों के मुताबिक, क्लब ने सरकारी नियमों को ताक पर रखकर न सिर्फ टैक्स चोरी की, बल्कि अवैध तरीके से सदस्यता बेचकर भारी गड़बड़ियां भी की। वहीं उन्होंने इसकी शिकायत सीएम डॉ मोहन यादव से भी की है।

कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव के दावे के मुताबिक, यशवंत क्लब के पास कुल 15.09 एकड़ जमीन है, लेकिन नगर निगम में सिर्फ 9.12 एकड़ का रिकॉर्ड दिखाया गया। करीब 5.97 एकड़ जमीन पर बीते 50 साल से टैक्स नहीं चुकाया गया, जिससे अनुमानित 12 से 15 करोड़ रुपए की टैक्स हेराफेरी हुई है। नगर निगम 30 साल से क्लब से व्यवसायिक संपत्ति कर वसूल रहा है, लेकिन सरकार से दी गई लीज मात्र 6 रुपये प्रति माह की है। आरोप है कि क्लब का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है, जिससे सरकार को बड़ा नुकसान हो रहा है। अब बात करते हैं 'मिस द बस' योजना की, जिसे कांग्रेस नेता ने एक बड़ा घोटाला बताया है! आरोप है कि इस योजना के जरिए क्लब में मनमाने तरीके से सदस्य बनाए गए और करोड़ों का हेरफेर किया गया। 'मिस द बस' योजना के तहत पहले सदस्यता 50,000 रुपए में दी गई, लेकिन बाद में नियम बदल दिए गए। क्लब के सचिव संजय गोरानी ने अपने भाई नरेंद्र गोरानी को मात्र 5 लाख में और उनके बच्चों को 50-50 हजार में सदस्य बना दिया। जबकि नई सदस्य योजना में प्रति सदस्य 30 लाख तक खर्च होने चाहिए थे, लेकिन इस घोटाले से क्लब को 90 लाख का नुकसान हुआ। यही नहीं आरोप है कि क्लब में शेल कंपनियों के जरिए भी अनियमितताएं हुई हैं। आम आदमी को क्लब की सदस्यता के लिए 25 लाख और जीएसटी देना पड़ता है, लेकिन कुछ लोगों को सेल कंपनियों के जरिए सिर्फ 15 लाख में सदस्यता दी गई।

कांग्रेस नेता ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। फिलहाल इस मामले में यशवंत क्लब के पदाधिकारियों की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है। क्या करोड़ों की टैक्स चोरी और घोटाले की परतें खुलेंगी ? क्या क्लब की लीज रद्द होगी ? ये देखना होगा क्या मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इस शिकायत पर किस तरह का एक्शन लेते हुए नजर आते हैं।

# अगले कुछ महीनों में हो जाएगा भारत-अमेरिका व्यापार समझौता, केंद्रीय मंत्री बोले- 500 अरब डॉलर का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा पर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को साल 2030 तक 500 अरब डॉलर तक लेकर जाने का लक्ष्य तय किया गया है। अब केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक मजबूत व्यापार समझौते पर अगले 6-8 महीने बातचीत होगी। पीयूष गोयल ने कहा कि अभी अमेरिका में उनके समकक्ष मंत्री ने पद नहीं संभाला है, जैसे ही वे पद संभालेंगे, तो दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत की जाएगी।



स्मार्ट सिटी स्थित कंट्रोल रूम में महापौर हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर लाभार्थियों से फीडबैक प्राप्त किया। साथ ही अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर सभी समस्याओं को हल करने हेतु आदेशित किया।

हेल्पलाइन नं .:- 155304

भूमि संसाधन विभाग
Department of Land Resources
Ministry of Rural Development
Government of India
सत्यमेव जयते

मध्यप्रदेश शासन



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

नक्शा
NAtional geospatial Knowledge-based land Survey of urban HAbitations
शहरी भूमि की सही पहचान

# सिटी सर्वे प्रोग्राम का राष्ट्रीय शुभारंभ

## विशेषताएं

- डिजिटल भूमि रिकॉर्ड
- हवाई सर्वेक्षण और नई तकनीक
- वेब जीआईएस प्लेटफॉर्म
- भू-स्थानिक डेटा
- ट्रांसपेरेंट सिस्टम

## लाभ

- मालिकाना हक की स्पष्टता
- शहरी विकास में तेजी
- क्रेडिट और लोन की आसानी
- संपत्ति कर वसूली में सुधार
- आपदा प्रबंधन में सहायक

**अध्यक्षता**
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**मुख्य अतिथि**
**शिवराज सिंह चौहान**
केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण
तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय

**विशिष्ट अतिथि**
**डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास तथा संचार मंत्रालय

**18 फरवरी, 2025 | पूर्वाह्न - 11:00 बजे | रायसेन, मध्यप्रदेश**

D-11184/24

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025